डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

साप्ताहिक समाचार पत्रिका, पाक्षिक 01.04.2023 से 16.04.2023 वर्ष-40 अंक 16 मूल्य ₹ 10.00

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सेवा का कार्य इसे पूरे समर्पण भाव से संचालित करें

लाड़ली बहना सम्मेलन और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बहनों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि आओ मेरी बहनों, एक नया जमाना बनाएं, जहां मेरी बहन, बेटी और उनका परिवार सुखी हो। सब भैया का सहयोग करें। आपकी मुस्कुराहट से मेरी जिंदगी सफल हो जाएगी। हम साथ मिल कर प्रदेश का विकास करें और अपनी जिंदगी बदलें।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुरैना जिले में लाड़ली बहना सम्मेलन में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुये।

मुरैना, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विगत 3 वर्ष में प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में जो काम हुआ है वह पिछले 50 वर्ष में भी नहीं हुआ। हमारी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग का बजट बढ़ा कर 11 हजार 988 करोड़ रुपये का कर दिया है, जो गत सरकारों में बहुत कम हुआ करता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये कार्य कर रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना और अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बेटियों और बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। प्रदेश में पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में बेटियों को 50 प्रतिशत और पुलिस की भर्ती में 30 प्रतिशत स्थान बेटियों के लिए आरक्षित किए गए हैं। शिक्षकों की भर्ती में आधे स्थान बेटियों के लिए रखे गए हैं। रजिस्ट्री में पुरुषों को जहां 3 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क लगता है, वहीं महिलाओं को एक प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की सुविधा दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी सोच-विचार के बाद प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बहनों की जिंदगी बदलने की योजना है। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि यह सेवा का कार्य है पूरे समर्पण के साथ करें, जीवन धन्य हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि जिले में योजना के क्रियान्वयन का कार्य पूरी मुस्तैदी के साथ किया जाए। श्री चौहान ने कहा कि योजना के फार्म 30 अप्रैल तक भरे जा रहे हैं। मई में आवेदनों का परीक्षण और 10 जून से बहनों के खाते में पैसे आना प्रारंभ हो जाएंगे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि श्री चौहान गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं और उनके विकास एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा, विवाह और अब उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने की लाड़ली बहना योजना अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने गरीब किसानों को प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री सम्मान निधि 6 हजार रुपये के साथ मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना से 4 हजार रुपये और दिए जाने का सराहनीय कार्य किया है।

अब मुख्यमंत्री जीवन जननी योजना भी

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री जीवन जननी योजना की भी घोषणा की, जिसमें ऐसी गर्भवती महिलाएं, जो आयकर दाता नहीं होंगी, को 4 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। श्री चौहान ने प्रदेश के चिकित्सालयों के उन्नयन के लिए विभिन्न घोषणाएं भी कीं। सभी जिला चिकित्सालय में ढाई-ढाई करोड़ रुपये की लागत से मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और 25-25 लाख रुपये की लागत से मॉड्यूलर किचन बनाए जाएंगे। मुरैना सहित प्रदेश के 5 जिलों में एमआरआई मशीन की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नि:शुल्क दवाओं के वितरण के लिये संभाग स्तर पर ड्रग वेयरहाउस बनाये जायेंगे।

प्रदेश में सुदृढ़ हो रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं। प्रदेश के चिकित्सालयों में डॉक्टर, नर्स, विशेषज्ञों की कमी को भी पूरा किया गया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2003 के बाद मध्यप्रदेश निरंतर विकास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में देश में अग्रणी है। प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जनता के जीवन-स्तर में व्यापक बदलाव आया है।

राष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश की तीन विभूतियों को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया

नई दिल्ली, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश की तीन विभूतियों को वर्ष 2023 के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। कला के क्षेत्र में श्री रमेश परमार और श्रीमती शांति परमार तथा चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. मुनीश्वर चंद्र डावर को पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

झाबुआ के कलाकार दंपति श्री रमेश परमार और श्रीमती शांति परमार पिछले 3 दशकों से झाबुआ की सुप्रसिद्ध जनजातीय गुड़िया और पारंपरिक जनजातीय परिधान के निर्माण में लगे हुए हैं। जबलपुर के चिकित्सक डॉ. डावर किफायती इलाज से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की सेवा कर रहे हैं।

जिला अस्पतालों में छात्र चिकित्सकों की पदस्थापना

भोपाल, जिला रेसीडेंसी कार्यक्रम में अप्रैल माह से प्रदेश के जिला अस्पतालों में 320 स्नातकोत्तर छात्र चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। चिकित्सा महाविद्यालयों में एम.एस., एम.डी. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को चरणबद्ध रूप से जिला अस्पतालों में पदस्थ किया गया है। रेसीडेंसी कार्यक्रम के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत प्रेसीडेंट पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड द्वारा जिला रेसीडेंसी कार्यक्रम को वर्ष 2021 में पीजी छात्रों के लिये अनिवार्य किया गया है। जिला रेसीडेंसी कार्यक्रम में अध्ययनरत स्नातकोत्तर छात्र चिकित्सकों की पद-स्थापना से जिला अस्पतलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

जिला रेसीडेंसी कार्यक्रम में अप्रैल से जून 2023 के पहले बैच के छात्र चिकित्सक विभिन्न जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं।

आयुष विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया निरंतर जारी

भोपाल, आयुष विभाग में राज्य शासन के निर्देश पर रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया निरंतर जारी है। विभाग में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से 692 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, 43 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी और 28 यूनानी चिकित्सा अधिकारी की भर्ती की जा चुकी है। विभाग में प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड से आयुर्वेद कम्पाउण्डर 174, होम्योपैथिक कम्पाउण्डर 3, यूनानी कम्पाउण्डर 37 और 35 स्टॉफ नर्स की भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर में 533 संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की पद-स्थापना की जा चुकी है।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

मध्यप्रदेश का विकास और जनता का कल्याण सरकार का उद्देश्य - मुख्यमंत्री

शहडोल, मध्यप्रदेश का विकास और जनता का कल्याण ही मेरी जिंदगी का मकसद है। इसे पूरा करने के लिए मुझे आप सभी का सहयोग चाहिए। प्रदेश में बहन-बेटियों की जिंदगी संवारने के लिए सामाजिक क्रांति चल रही है। यदि बहनें सुखी हैं तो मेरी जिंदगी सफल है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल जिले के ब्यौहारी में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने 327 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत वाली भन्नी वृहद सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने जिला प्रशासन की पुस्तक 'सफल-सबल शहडोल' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने ब्यौहारी को मिनी स्मार्ट सिटी बनाने, रिंग रोड और पुल निर्माण सहित बाणसागर में इसी सत्र से कॉलेज खोलने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा नियम के लागू हो जाने के बाद जनजातीय क्षेत्रों में जनजातीय भाई-बहनों को जल, जंगल और जमीन के अधिकार मिले हैं। अब तेंदूपत्ता संग्राहक स्वयं तेंदूपत्ता तोड़कर बेच सकते हैं। अपने क्षेत्र की पत्थर और गिट्टी की खदानों को संचालित कर सकते हैं। छोटे-मोटे झगड़े गांव की शांति और विवाद निराकरण समिति ही निपटा देती है।

श्री चौहान ने कहा कि पिछली सरकार ने कर्जा माफी की घोषणा पूरी नहीं की, जिससे लाखों किसान डिफॉल्टर हो गए। हमारी सरकार उन सब किसानों के ब्याज की राशि भरवा कर उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण दे रही है। किसानों के ऊंचे-नीचे खेतों में भी पाइप लाइन बिछा कर पानी पहुंचाया जा रहा है। निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा देने के लिए सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं, जो सभी सुविधाओं से युक्त हैं। प्रत्येक सीएम राइज स्कूल लगभग 35 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है और 25 किलोमीटर दूर तक के विद्यार्थियों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था की जा रही है।

विक्रम उद्योगपुरी में पांच हजार लोगों को मिलेगा रोज़गार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन में वस्त्र निर्माण इकाई का शुभारंभ करते हुये।

उज्जैन, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में नव निर्मित एक वस्त्र निर्माण इकाई का लोकार्पण करते हुये कहा कि उज्जैन के सौभाग्य का नया सूरज उदय हो रहा है। कभी इस शहर में फैक्ट्री पर फैक्ट्री बंद हो रही थी, लेकिन इस बार एक ही वर्ष में किसी फैक्ट्री का शिलान्यास और लोकार्पण होना अद्भुत कार्य है। इस उद्योग से उज्जैन के 4 हजार स्थानीय लोगों को सीधे और 1000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैनवासियों तैयार हो जाओ, उज्जैन में उद्योग और रोज़गार की झड़ी लगने वाली है। अब हमेशा यहां महाकुंभ जैसा नजारा ही दिखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि होटल उद्योग के लिए भी उद्योगपतियों को उज्जैन आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि पूरे हिंदुस्तान के इन्वेस्टर मध्यप्रदेश आएं और निवेश करें। मध्यप्रदेश अब तेजी से आगे बढ़ रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

1 अप्रैल

देश के हर जिले में बनाये जायेंगे एक्सपोर्ट हब

● देश में निर्यात बढ़ाकर रोज़गार के नए अवसर सृजित करने के लिए केंद्र सरकार ने नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 जारी की है। इस नीति का उद्देश्य वर्ष 2030 तक देश में वस्तु एवं सेवाओं के निर्यात को 2 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 164 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले पांच वर्षों में देश के हर जिले में एक्सपोर्ट हब तैयार किया जायेगा। विदेश व्यापार महानिदेशक श्री संतोष सारंगी ने कहा कि इस नीति के जरिए निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयास किए जायेंगे। इसके अलावा सरकार ने नई विदेश व्यापार नीति के तहत निवेशकों को इंसेंटिव देने की जगह कर और विभिन्न शुल्क में राहत देते हुए उनके काम को आसान बनाने की घोषणाएं की हैं।

● अमेरिका में एच-1बी वीजाधारकों को बड़ी राहत मिली है। अमेरिका की एक कोर्ट ने अपने एक निर्णय में कहा कि अमेरिका में काम कर रहे एच-1बी वीजा धारक कर्मचारी के जीवनसाथी चाहे तो अमेरिका में नौकरी कर सकते हैं। कोर्ट के इस फैसले से अमेरिका में बड़ी संख्या में रह रहे भारतीय कामगारों को लाभ मिलेगा। अमेरिका की जिला जज तान्या चुटकन ने इस संबंध में सेव जॉब्स यूएसए संगठन द्वारा दायर की गई एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में पूर्व सरकार के दौरान एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों के जीवनसाथी को रोज़गार प्राधिकरण कार्ड जारी करने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। अमेरिका में एच-1बी वीजा गैर अप्रवासी कर्मचारियों को जारी किया जाता है।

2 अप्रैल

सरकार ने छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में की बढ़ोत्तरी

● केंद्र सरकार ने छोटी बचत योजनाओं के निवेशकों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने बचत योजनाओं की ब्याज दरों में इजाफा किया है। सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए ब्याज दरों में 70 बेसिस प्वाइंट तक की बढ़ोतरी की है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार वरिष्ठ नागरिक जमा योजना, मासिक आय योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं की ब्याज दरों को बढ़ाया गया है। पिछले 9 महीने में तीसरी बार सरकार ने छोटी जमा योजनाओं की ब्याज दरों को बढ़ाया है।

● रूस के साथ जारी टकराव के बीच सैन्य संगठन नाटो ने अपनी ताकत बढ़ाना शुरू कर दिया है। नाटो में एक और देश की एंट्री हो गई है और फिनलैंड नया सदस्य बन गया है। तुर्किये की संसद ने फिनलैंड को नाटो का नया सदस्य बनाने की मंजूरी प्रदान की है। नाटो के अन्य सदस्य देश पहले ही फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने की अनुमति दे चुके हैं। तुर्किये की मंजूरी मिलने के साथ ही फिनलैंड नाटो का 31वां सदस्य बन गया है। फिनलैंड और स्वीडन ने वर्ष 2022 में नाटो सदस्य बनने के लिए आवेदन दिया था। तुर्किये ने अभी स्वीडन को नाटो का सदस्य बनाने पर सहमति नहीं दी है।

3 अप्रैल

समुद्री ठिकानों पर ब्रह्मोस मिसाइलें तैनात करेगी नौसेना

● समुद्री मोर्चे पर बढ़ती सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय नौसेना महत्वपूर्ण

समुद्री ठिकानों पर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को तैनात करेगी। नौसेना ने कई सफल परीक्षणों के बाद इन मिसाइलों को समुद्री ठिकानों पर तैनाती के लिए स्वीकृत किया है। नौसेना ने कहा कि ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें आवाज से भी तेज गति से लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम हैं। इन मिसाइलों को मोबाइल लॉन्चर्स के जरिए भी दागा जा सकता है। ये मिसाइलें युद्धपोत और पनडुब्बी से भी दागी जा सकती हैं। पोर्टेबल होने के कारण इन मिसाइलों को ट्रैक कर पाना दुश्मन देशों के लिए असंभव होगा। इन मिसाइलों की तैनाती से समुद्री मोर्चे पर भारतीय नौसेना को महत्वपूर्ण बढ़त मिलेगी। समुद्री ठिकानों पर ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती को रक्षा मंत्रालय ने भी हरी झंडी दिखा दी है।

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसरो ने सफलतापूर्वक रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ऑटोनॉमस लैंडिंग मिशन को पूरा कर लिया है। इसरो ने इस परीक्षण में भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया। यह परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में किया गया है। इसरो ने बताया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ऐसे रॉकेट को कहा जाता है, जो अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सुरक्षित तरीके से वापस आने में सक्षम होता है। ऐसे रॉकेट का इस्तेमाल बार-बार किया जा सकता है। इस परीक्षण से भारत को भविष्य में अपना स्पेस शटल तैयार करने में मदद मिलेगी।

4 अप्रैल

छह वर्ष में दस गुना बढ़ा भारत का रक्षा निर्यात

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने 15,920 करोड़ रुपये के सैन्य साजो-सामान का निर्यात किया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि छह वर्ष पहले (वर्ष 2016-17) में भारत का रक्षा निर्यात 1521 करोड़ रुपये था, जो अब लगभग दस गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा निर्यात लगातार बढ़ता रहेगा। मेक इन इंडिया पहल के तहत घरेलू रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा

कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 तक रक्षा निर्यात को 35000 करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

● केंद्र सरकार ने पब्लिक प्रॉविडेंड फंड, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक जमा योजना और डाकघर की जमा योजनाओं में निवेश के लिए पैन नंबर और आधार नंबर को अनिवार्य कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार जो लोग इन छोटी बचत योजनाओं में निवेश कर चुके है, उन्हें 30 सितंबर, 2023 तक आधार नंबर जमा करना होगा। आधार नंबर को ई-केवायसी के जरिए योजना से लिंक किया जायेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि छोटी बचत योजनाओं को पैन और आधार नंबर से लिंक नहीं कराने पर संबंधित खाता फ्रीज कर दिया जायेगा।

5 अप्रैल

सूर्य पर अध्ययन के लिए भारत लॉन्च करेगा आदित्य एल-1 मिशन

● अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत अब सूर्य पर होने वाली घटनाओं का अध्ययन करने के लिए सौर मिशन आदित्य एल-1 मिशन लॉन्च करेगा। इस मिशन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, इस मिशन को अगले तीन महीनों में लॉन्च किया जायेगा। यह जानकारी प्रधानमंत्री विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद तथा अंतरिक्ष आयोग के सदस्य एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री ए.एस. किरण कुमार ने दी। श्री किरण कुमार ने बताया कि अब तक हम धरती के अलग-अलग स्थानों से 12-12 घंटे ही सूर्य पर होने वाली ग्रहीय गतिविधियों का पता लगा पाते थे। लेकिन अब आदित्य एल-1 मिशन से 24 घंटे सूर्य पर होने वाली घटनाओं पर नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में ऐसी जगह स्थापित किया जायेगा, जहां से सूर्य पर होने वाली घटनाओं का अवलोकन किया जा सकेगा।

● विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) परीक्षा के लिए इस बार बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बताया कि इस वर्ष सीयूईटी यूजी परीक्षा के लिए 16.85 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन इनमें से लगभग 14 लाख विद्यार्थियों ने फीस के साथ आवेदन जमा किए हैं। वर्ष 2022 में 12.50 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में 90 विश्वविद्यालय सीयूईटी से जुड़े थे, जबकि इस वर्ष 242 विश्वविद्यालयों ने सीयूईटी को अपनाया है। यूजीसी अध्यक्ष के अनुसार इस बार यूरोप सहित 74 देशों के विद्यार्थियों ने सीयूईटी के लिए आवेदन किया है।

6 अप्रैल

केंद्र सरकार ने बढ़ाई एमएसएमई क्रेडिट गारंटी योजना की लिमिट

● केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बड़ी राहत दी है। अब एमएसएमई क्रेडिट गारंटी योजना के तहत अधिकतम दो करोड़ रुपये की जगह पांच करोड़ रुपये तक ऋण ले सकेंगे। सरकार ने इस ऋण के बदले लगने वाली फीस में भी एमएसएमई को राहत दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि यह एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार के प्रयासों का एक हिस्सा है। क्रेडिट गारंटी योजना के तहत ऋण लेने के लिए एमएसएमई को बैंक से संपर्क करना पड़ता है। फिर बैंक ऋण को मंजूर करता है। इसकी ब्याज दर भी बैंक पर निर्भर करती है। उद्यमियों ने क्रेडिट गारंटी योजना में ऋण की सीमा बढ़ाने के सरकार के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इससे छोटे उद्यमियों को काफी राहत मिलेगी।

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रूसी सेना ने बख्मुत इलाके पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। जल्द ही इस इलाके पर रूसी सेना का नियंत्रण हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बख्मुत से यूक्रेन की सेना को पीछे हटाने के संकेत दिए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सेना बख्मुत में रूसी हमलों का मुकाबला कर रही है, लेकिन जिस तरह से तीन तरफ से घेरकर रूसी सेना हमले कर रही है, ऐसे में घिरकर मुश्किल में फंसने से पहले यूक्रेनी सेना बख्मुत छोड़ देगी। पूर्वी यूक्रेन के बख्मुत शहर में पिछले सात महीने से दोनों देशों की सेनाओं के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। रूसी सेना के हमले से बख्मुत शहर मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

7 अप्रैल

सीआरपीएफ करेगा एक लाख 30 कांस्टेबलों की भर्ती

● गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कांस्टेबल रैंक के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालयन के अनुसार सीआरपीएफ में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के कुल एक लाख 29 हजार 929 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें से एक लाख 25 हजार 262 पद पुरुषों के लिए और 4 हजार 467 पद महिलाओं के लिए होंगे। इस भर्ती में अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए गये है। इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। वहीं अभ्यर्थी की आयु 18 से 23 वर्ष के बीच होना जरूरी है। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा, फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और दस्तावेज परीक्षण के बाद किया जायेगा।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बैंक खातों में पड़ी अनक्लेम्ड राशि (बिना दावा वाली राशि) को खाताधारक और उनके वारिसों तक पहुंचाने के लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल बनायेगा। ये घोषणा आरबीआई के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने की। श्री दास ने कहा कि इस पोर्टल पर सभी बैंकों में जमा अनक्लेम्ड राशि की जानकारी उपलब्ध होगी। साथ ही इस पोर्टल की मदद से खाताधारक या उसके उत्तराधिकारी अनक्लेम्ड राशि को खोजकर उन पर अपना दावा पेश कर सकते हैं। आरबीआई के अनुसार इस वर्ष फरवरी माह तक 10.24 करोड़ खाताधारकों की 35 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि अनक्लेम्ड के रूप में बैंकों में जमा है। बैंकिंग नियमों के अनुसार अगर किसी बैंक खाते में दस वर्ष तक लेन-देन नहीं होता है, तो उस खाते में जमा राशि को अनक्लेम्ड माना जाता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com, वेबसाइट : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 15 10.04.2023 से 16.04.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

युवा नीति और मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना पर प्रबोधन

प्रदेश के युवाओं के संकल्प, समर्पण और सामर्थ्य की शक्ति से भली-भांति परिचित हों। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि कोई भी काम ऐसा नहीं जो हम नहीं कर सकते। प्रदेश के युवाओं पर भी यह बात पूरी तरह लागू होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली, संपन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। इसी क्रम में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को गढ़ने के लिये युवा अपना हरसंभव सहयोग दे सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश के युवाओं के लिये उनके सुझावों को सम्मिलित करते हुये राज्य युवा नीति बनायी गई है। नीति में युवाओं को भी केंद्र में रखा गया है। हमारा प्रयास है कि युवाओं को बेरोज़गारी भत्ता न देकर विभिन्न कौशल सीखने और अपने आप को रोज़गार के लिये तैयार करने के अवसर उपलब्ध करायें। युवा नीति और रोज़गार के लिये युवाओं को प्रशिक्षित करने का हमारा अभियान युवा शक्ति के सपनों को साकार करने में सहायक होगा और हम मिलकर नये मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना पर युवाओं के प्रबोधन के लिये भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में हुये कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने एक शिक्षक के रूप में युवाओं को युवा नीति के विजन, उद्देश्यों, कार्य क्षेत्र पर बिन्दुवार प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना के विभिन्न पहलुओं पर भी युवाओं से विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक उत्थान में प्रभावी योगदान करने के लिये प्रदेश के युवाओं को अपनी दक्षता का पूर्ण विकास करने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से युवा नीति लागू की गई है। नीति का उद्देश्य ऐसे युवा उद्यमी बनाना है, जो आत्मविश्वास के साथ जोखिम लेने के लिये तैयार हों। आर्थिक और वित्तीय व्यवस्था एवं संरचना के प्रति जागरूक हों, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हों, कृषि और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी, समावेशी एवं न्यायपूर्ण हों और प्रतिभागिता की भावना से युक्त हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि तथ्यों के आधार पर युक्तियुक्त निर्णय लेने में सक्षम, अपनी संस्कृति और संस्कारों के प्रति आदरभाव, राष्ट्रनिर्माण एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित, भविष्य में नेतृत्व प्रदान करने में समर्थ तथा शिक्षा और कौशल अर्जित कर रोज़गार के योग्य युवा, प्रदेश को विकास और प्रगति की ओर अग्रसर करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा नीति के कार्य क्षेत्र में शिक्षा एवं कौशल, रोज़गार तथा उद्यमिता, स्वास्थ्य, युवा नेतृत्व और सामाजिक कार्य, खेल, कला साहित्य, संस्कृति, विरासत से "मेरा प्रदेश - मेरा गौरव' के भाव विकसित करने संवहनीय पर्यावरण सुरक्षा के लिये जागरूकता तथा समावेश और समता के लिये गतिविधियां संचालित करने तथा उनके लिये समर्पित रहना शामिल है। मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिये रोज़गार, युवा आयोग के पुनर्गठन, जिला स्तर पर विवेकानंद युवा संसाधन केंद्रों की स्थापना, प्रति वर्ष खेलो एम.पी. यूथ गेम्स के आयोजन, युवा अनुभव यात्रा, पर्यावरण के लिये जीवनशैली तथा युवा नीति की अन्य उद्घोषणा संबंधी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना' के संबंध में चर्चा करते हुये कहा कि योजना में युवाओं को बेहतर कमाई के लिये प्रशिक्षण तथा स्टायपेंड उपलब्ध कराया जायेगा।

अंतरिक्ष में खोजा जायेगा ब्रेन ट्यूमर का इलाज

ब्रेन ट्यूमर एक ऐसी बीमारी है, जिससे पीड़ित होने पर व्यक्ति असहनीय पीड़ा का अनुभव करता है। इससे पीड़ित व्यक्ति अपना जीवन बड़ी कठिनाई से व्यतीत कर पाता है। इस बीमारी से निजात दिलाने के लिये निरंतर शोध जारी हैं। ब्रिटेन की स्पेस एजेंसी ने भी इस दिशा में काम शुरू किया है। लाइलाज बीमारियों का इलाज खोजने की दिशा में यह काम किया जा रहा है। इसमें बच्चों में होने वाले ब्रेन ट्यूमर और उनकी मांसपेशियों की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को समझना शामिल है। अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 26 करोड़ की यह दोनों परियोजना 2025 में लॉन्च की जायेगी। इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर रिसर्च की ब्रेन ट्यूमर योजना डी (एमजी) 2 प्रोजेक्ट के लिये स्पेस एजेंसी से बड़ा फंड मिला। इसके तहत 6 महीने तक अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर (आईएसएस) पर ट्यूमर कोशिकाओं की निगरानी की जायेगी। डी (एमजी) 2 का उद्देश्य यह समझना है कि मिडलाइन ग्लियोमा को फैलाता है। कोशिकाओं की अधिक मात्रा के कारण अभी तक यह लाइलाज है। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल के माइक्रोएज-2 प्रोजेक्ट की मदद से यह पता लगाया जायेगा कि कक्षा का माइक्रोग्रेविटी वातावरण अंतरिक्ष यात्रियों की मांसपेशियों को अंतरिक्ष में कैसे कमजोर बनाता है। यह ठीक उसी तरह से जैसे पृथ्वी पर उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियां कमजोर होती हैं। इन प्रयोगों से स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में फायदा मिलेगा। ब्रिटेन की स्पेस एजेंसी के चीफ एक्जीक्यूटिव डॉक्टर पॉल बेट ने कहा डी (एमजी) 2 आईएसएस में रहने के दौरान वैज्ञानिक की इस समझ में सुधार करेगा कि कैसे ट्यूमर कोशिकाएं एक-दूसरे से सम्पर्क करती हैं। वहीं माइक्रोएज-2 प्रोजेक्ट आईएसएस पर माइक्रोग्रेवेटी के प्रभावों का निरीक्षण करेगा। इससे प्रयोगशाला में विकसित मानव मांसपेशियों का उपयोग किया जायेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल

मानवमात्र की सेहत पर विमर्श के लिये तय है यह दिन

विश्व में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य प्रबन्धन को सुगठित करने के लिए और मानवमात्र द्वारा स्वस्थ्य जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में संस्थापित करने के लिए प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1948 को 7 अप्रैल के दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी और एक महत्वपूर्ण बैठक में यह प्रस्तावित किया गया था कि स्वास्थ्य के प्रति जनजागरण के लिए एक दिन सुनिश्चित किया जाये। वर्ष 1950 से यह दिवस पूरे विश्व में 7 अप्रैल को मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का स्थापना दिवस 7 अप्रैल ही है, अतः विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए यही तिथि तय की। विश्व स्वास्थ्य दिवस वैश्विक समुदाय को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने का वैश्विक अवसर प्रदान करता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मानव कल्याण में चिकित्सा के व्यापक योगदान और सफलता को पहचानने का एक प्रयास भी किया जाता है। सम्पूर्ण स्वास्थ्य का सम्बन्ध न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कुशलक्षेम (वेलबीइंग) से भी जुड़ा हुआ है। अगर किसी व्यक्ति के पास ये तीनों हैं, तो उसे ही स्वस्थ कहा जाएगा। विश्व स्वास्थ्य दिवस लोगों के सामान्य स्वास्थ्य और वेलबीइंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की एक पृथक परियोजना है

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रकल्प में व्यक्तियों, परिवार और समुदाय की आवश्यकताओं और परिस्थितियों पर केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसी महत्व को देखते हुए 'प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल' की एक पृथक परियोजना बनाई गई। यह एक व्यापक और अंतर्संबंधित भौतिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजना है। यह परियोजना स्वास्थ्य की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए व्यक्ति को पूरे जीवनभर देखभाल मुहैया करवाती है, न सिर्फ कुछ विशिष्ट रोगों से पीड़ित होने के समय। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व्यक्ति की व्यापक देखभाल तो सुनिश्चित करती ही है साथ ही परियोजना के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था, उपचार का प्रबन्धन, पुनर्वास और जितना सम्भव हो उतनी प्रशामक देखभाल भी करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जिन तीन घटकों पर आधारित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की निरंतर परिभाषा और उसका विकास किया है उन तीनों घटकों पर विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विमर्श होता है। पहला घटक तो पूरे जीवनकाल में लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का व्यापक, निवारणात्मक, उपचारात्मक, पुनर्वासात्मक और प्रशामक देखभाल सुनिश्चित करना है। दूसरा घटक सभी क्षेत्रों में सामाजिक नीतियों के माध्यम से सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लक्ष्यों को स्वास्थ्य के व्यापक निर्धारकों- सामाजिक, आर्थिक वातावरण, लोगों की विशेषताओं और व्यवहार से जोड़ना और उसे प्राप्त करना है। तीसरा घटक स्वास्थ्य को महत्तम करने के लिए व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों का सशक्तिकरण करना है।

स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित होती है थीम

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रतिवर्ष एक थीम तय की जाती है। इस थीम का उद्देश्य उस वर्ष स्वास्थ्य से जुड़े किसी खास विषय की ओर सरकारों और स्वास्थ्य प्रशासन का ध्यान केन्द्रित करना होता है। वर्ष 2023 के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम विश्व स्वास्थ्य संगठन ने- 'हेल्थ फॉर ऑल' रखी है। सभी के लिये स्वास्थ्य की इस थीम को सारभूत विषय माना जा रहा है। किसी भी वर्ष की थीम के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि वर्ष 2022 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'हमारा ग्रह-हमारा स्वास्थ्य' थीम तय की थी। इस थीम का उद्देश्य हमारे ग्रह यानी पृथ्वी पर स्वास्थ्य के व्यापक प्रबन्ध करना है। इसी से मिलती हुई थीम वर्ष 2021 में भी तय की गई थी कि 'सभी के लिए एक बेहतर और स्वस्थ दुनिया का निर्माण' कोरोना संक्रमण में यह थीम सर्वथा उपयुक्त थी। वर्ष 2020 में स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी ढांचे की सबसे अहम् मानी जाने वाली स्वास्थ्य कार्यकर्ता दाई और नर्स पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस वर्ष की थीम थी - 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें।' वर्ष 2019 में थीम थी 'यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज'। विश्व स्वास्थ दिवस पर हृदय रोग से बचाव पर 'दिल की धड़कन, स्वास्थ्य की एक लय', पोलियो के उन्मूलन के लिए 'वैश्विक पोलियो उन्मूलन', बच्चों के स्वास्थ्य पर केंद्रित 'जीवन के भविष्य को आकार दें : बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण बनायें' जैसी थीम भी तय की गई हैं। इसके अलावा भी स्वस्थ जीवन, बेहतर जीवन के लिए स्वस्थ शहर, संक्रामक रोगों पर नियंत्रण, सुरक्षित मातृत्व, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण और 'जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से स्वास्थ्य की रक्षा करना' भी इस खास दिवस की उल्लेखनीय थीम रही हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली में भी है

विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषज्ञ एजेंसी है। यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जो आमतौर पर सदस्य देशों के स्वास्थ्य मंत्रालयों के जरिए उनके साथ मिलकर काम करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन दुनिया में स्वास्थ्य संबंधी मामलों में नेतृत्व प्रदान करने, स्वास्थ्य अनुसंधान एजेंडा को आकार देने, नियम और मानक तय करने, प्रमाण आधारित नीतिगत विकल्प पेश करने, देशों को तकनीकी समर्थन प्रदान करने और स्वास्थ्य संबंधी रुझानों की निगरानी और आकलन करने के लिए जिम्मेदार है। भारत के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय दिल्ली में है और देशभर में उसकी उपस्थिति है। इस कार्यालय के कार्य क्षेत्र का वर्णन मुख्यालय स्थित विभिन्न देशों में इसकी कंट्री को-ऑपरेशन स्ट्रेटजी (सीसीएस) वर्ष 2012-2017 में दर्ज है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के भारत स्थित मुख्यालय का कार्य मातृ, नवजात, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य, संचारी रोग नियंत्रण; असंचारी रोग एवं स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक; सार्वभौम स्वास्थ्य सेवा प्रसार; सतत विकास और स्वस्थ पर्यावरण; स्वास्थ्य तंत्रों का विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा और आपातस्थितियों में स्वास्थ्य प्रबन्ध करना है। इस मुख्यालय का नोडल मंत्रालय-भारत सरकार का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय है।

विश्व स्वास्थ्य के लिए जरूरी है यूएचसी का प्रभावी होना

पिछले कुछ सालों से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विश्व की सकल आबादी को बिना वित्तीय संकट के स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज (यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज) को और भी प्रभावी बनाने पर सतत विमर्श हो रहा है। यूएचसी का लक्ष्य सभी व्यक्तियों और समुदायों को वित्तीय कठिनाइयों से पीड़ित हुए बिना स्वास्थ्य सेवाएं दिलवाना होता है। इस कवरेज में स्वास्थ्य सम्वर्धन, उपचार, पुनर्वसन और पीड़ाहारक देखभाल की आवश्यक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सम्मिलित होती हैं। यूएचसी सभी को स्वास्थ्य सेवाओं को प्राप्त करवाने में सक्षम बनाता है, जो रोग और मृत्यु के सबसे महत्वपूर्ण कारणों से सम्बन्धित है और यह सुनिश्चित करता है कि इन सभी सेवाओं की गुणवत्ता उन लोगों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए पर्याप्त हो, जो इन्हें प्राप्त करते हैं। स्वयं की जेबों से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भुगतान करने के आर्थिक परिणामों से लोगों की सुरक्षा करना, इस खतरे को कम करता है कि लोग गरीबी में धकेल दिए जाएंगे, क्योंकि अनपेक्षित बीमारी के कारण उन पर जीवन की बचत का उपचार में उपयोग करने, सम्पत्तियां बेचने या कर्ज लेने, यहां तक की अपने और कभी-कभी अपने बच्चों के भविष्य को खतरे में डालने की भी नौबत आ जाती है। वर्ष 2015 में सतत विकास लक्ष्यों को अपनाते हुए यूएचसी को प्राप्त करना दुनिया के देशों के लक्ष्यों में से एक है। यूएचसी की ओर प्रगति करने वाले देश अन्य स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं अतः इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भी यूजीसी को प्रभावी बनाने का विमर्श जारी रहेगा।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाएं

स्वस्थ्य और लम्बी उम्र जीने के लिए आपकी जीवनशैली भी स्वास्थ्यप्रद और अच्छी होनी चाहिए। आपके खाने-पीने, उठने-बैठने, व्यायाम आदि करने की आदतें सभी परफेक्ट होनी चाहिए, तभी आप अधिक उम्र तक स्वस्थ्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली में कुछ ऐसे आहार को शामिल करना होगा, जो आपके लिए सचमुच काफी फायदेमंद हों। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप की उम्र कम है या आप बुजुर्ग हैं। आपको हर दिन व्यायाम में कम से कम एक घण्टा तो देना ही पड़ेगा। अगर आप काफी व्यस्त हैं तो ऐसे में आप एक घण्टा नहीं तो कम से कम तीस से पैंतीस मिनट व्यायाम जरूर करें।

राजा दुबे

(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 17239/26/2022/चयन इन्दौर, दिनांक : 27.03.2023

सहायक प्रबंधक (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग) परीक्षा-2021

चयन - सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

पदनाम - सहायक प्रबंधक

आयोग के विज्ञापन **क्रमांक 06/2021 दिनांक 07.07.2021** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में **लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग** के अंतर्गत विज्ञापित पद - **सहायक प्रबंधक** के कुल-63 पद (अनारक्षित-17, अ.जा.-10, अ.ज.जा.-13, अ.पि.वर्ग-17, ई.डब्ल्यू.एस.-06) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित (अनारक्षित-06, अ.जा.-03, अ.ज.जा.-04, अ.पि.वर्ग-06, ई.डब्ल्यू.एस.-02) (कुल विज्ञापित पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांग-01, श्रवणबाधित दिव्यांग-01, दृष्टिबाधित दिव्यांग-01 पद एवं बहु-दिव्यांग-01 पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए, **सहायक प्रबंधक (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग) परीक्षा-2021 दिनांक 06.03.2022** को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 13.10.2022 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में अर्ह आवेदकों के **साक्षात्कार 20.03.2023** को आयोजित किए गए हैं।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 1 जी/विज्ञप्ति/सेल-संविदा/2022/1495 दिनांक 10.10.2022 में उल्लेखित रिक्ति के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 01.06.2021 दिनांक 09.03.2023 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 06/2021 दिनांक 07.07.2021 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधित भाग की रिक्तियों का पद विभाजन किया गया है जिसके अनुसार, परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 09.03.2023 में उल्लेखित टीप के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात घोषित किया जाएगा।

3. अतएव, लिखित+साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

सहायक प्रबंधक

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	17	10	13	9	6	55
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	6	3	4	3	2	
कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद					1	
कुल पदों में से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद					1	
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद					1	
कुल पदों में से बहु-दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद					1	

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		Seat	श्रेणी
1.	100086	ARUN DUBEY	M		UNR	UNR
2.	100319	PRAGYESH BHATT	M		UNR	UNR
3.	100639	MAHENDRA DEHARIYA	M		UNR	SC
4.	100486	HIMANGI CHAUHAN	F		UNRF	UNR
5.	100564	RAJESH KUMAR BIRTHARIA	M		UNR	SC
6.	100305	PRAMOD GUNWAN	M		UNR	SC
7.	100498	SATYENDRA SINGH BAGHEL	M		OBC	OBC
8.	100093	DWARKADHISH BHAWSAR	M		OBC	OBC
9.	100453	POOJA SONI	F		UNRF	OBC
10.	100272	RAVINDRA SINGH	M		UNR	OBC
11.	100122	PREM CHAND GUPTA	M		UNR	EWS
12.	100295	SHIVAM SHRIVASTAVA	M	प्रावधिक	UNR	EWS
13.	100835	REENA PATIDAR	F		OBCF	OBC
14.	100029	ANKUR SAHU	F		OBCF	OBC
15.	100628	SAKET CHAURASIYA	M		UNR	UNR
16.	100236	ARUN KUMAR SHAH	M		UNR	OBC
17.	101000	ASHISH CHAUHAN	M		UNR	UNR
18.	100301	SURAJ SINGH	M		SC	SC
19.	100773	KSHAMASHIL SHARMA	M		EWS	EWS
20.	100313	IRFAN BEG	M		OBC	OBC
21.	100170	DR. RAMNARESH SINGH BAGHEL	M		OBC	OBC
22.	100309	NEHA SANWALE	F		SCF	SC
23.	100718	RAHUL PANDYA	M		SC	SC
24.	100975	AJAY SINGH SAIYYAM	M		ST	ST
25.	100183	JITENDRA KUMAR VERMA	M		OBC	OBC
26.	101184	JANMEJAY SHAKYA	M		SC	SC
27.	101179	AJIT KUMAR SHARMA	M		EWS	EWS
28.	101304	UDAY PARADKAR	M		OBC	OBC
29.	100307	DHEERENDRA VERMA	M		SC	SC
30.	100041	BADAL KHARTE	M		ST	ST
31.	100680	AJIT TIWARI	M		EWS	EWS
32.	101290	PANKAJ SINGH BAGHEL	M		EWS	EWS
33.	100172	ALKA RAI	F		SCF	SC
34.	101302	PRIYA GOKHALE KOSHTA	F		OBCF	OBC
35.	100551	AJMER SINGH OHARIYA	M		ST	ST
36.	100637	SANJAY NIGOTIA	M		SC	SC
37.	100981	YOGENDRA SINGH UIKEY	M		ST	ST
38.	100397	SHIVENDRA AMBULKAR	M	प्रावधिक	SC	SC
39.	101018	DIVYA NAGWANSHI	F		SCF	SC
40.	101238	SURENDRA VIKRAM SINGH	M		UNRHO अस्थिबाधित	UNR
41.	100893	RAVINDRA NATH MISHRA	M		EWS	EWS
42.	100470	AKHALESH BAGHEL	M		ST	ST
43.	100798	YASHWANT SOLANKI	M		ST	ST
44.	101209	DEEPAK KUMAR JAMRA	M		ST अस्थिबाधित	ST
45.	101023	ALKA INDORKER	F		SC	SC
46.	100264	POONAM RAWAT	F		STF	ST
47.	101227	SHUBHAM SOLANKI	M		ST	ST
48.	101321	DHIRAJ CHOUHAN	M		ST	ST

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		श्रेणी
1.	101195	HARIOM MEENA	M		UNR
2.	101092	SHEETAL PRAKASH VYAS	M		UNR
3.	101103	RAJESH PATEL	M		OBC
4.	100119	BHASKAR SEN	M		OBC
5.	100810	RAVI PANDEY	M		UNR
6.	100285	ABHILASHA VERMA	F		OBC
7.	100120	JYOTI SAWALE	F		SC
8.	100343	ANKIT JATWA	M		SC
9.	101309	MONIKA KANERIA	F		SC
10.	100182	NILESH CHOWKIA	M		SC
11.	100398	DEEPIKA CHOUHAN	F	प्रावधिक	OBC
12.	100241	HIMANSHU BAJPAI	M		EWS

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. कुल विज्ञापित पदों में से शुद्धिपत्र दिनांक 09.03.2023 में उल्लेखित मुख्य भाग - 87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित कुल 55 पदों में से 03 पद (अ.ज.जा.-03) पर्याप्त संख्या में योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने के कारण पद रिक्त रहे हैं। कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 04 पद (अ.बा.-01, श्र.बा.-01, दृ.बा.-01 एवं बहु-दि.-01 पद) विज्ञापित है परन्तु दिव्यांग श्रेणी हेतु अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण (श्र.बा.-01, दृ.बा.-01 एवं बहु.-दि.-01 पद) कुल 03 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 03 पद दिव्यांगजनों के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं। इस प्रकार कुल 03+03 = 06 पद रिक्त रहे हैं।
5. न्यायालयीन प्रकरण वाले अभ्यर्थियों के चयन परिणाम रोके जाकर मान. न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रखे गए हैं।
6. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। इसी प्रकार ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन की अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सचिव

जी-11028/48362/2023 **म.प्र. लोक सेवा आयोग, इंदौर**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02/52/2022 से 53/2022, दिनांक 31.03.2023

ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा 2022

अर्हकारी अंकों में 05 प्रतिशत अंकों की छूट के संदर्भ में

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.07.2023
दोपहर 12.00 बजे तक

01. आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 52/2022 एवं 53/2022 दिनांक 30.12.2022 को आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** तथा रोज़गार और निर्माण दिनांक 09.01.2023 के अंक में प्रकाशित किए गए हैं।

02. मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 1/1/1/0091/2022/38/1 दिनांक 15.02.2023 में उल्लेखानुसार यूजीसी का राजपत्र प्रकाशन अधिसूचना दिनांक 18.07.2018 की कंडिका-3.4(I) अनुसार अर्हताएं एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग राजपत्र दिनांक 21.11.2022 के अनुसार उक्त विज्ञापनों की कंडिका-दो (G) (V) में कंडिका-3 अनुसार संशोधन किया जाता है :-

1. '' सीधी भर्ती हेतु अर्हता के उद्देश्य और बेहतर शैक्षणिक रिकार्ड के मूल्यांकन के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉनक्रीमीलेयर)/दिव्यांग [(क) दृष्टिबाधित और कम दृष्टिबाधित (ख)] बहरे और कम सुनने वाले, (ग) लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बोनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी से जुड़े अभ्यर्थियों के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। 55 प्रतिशत की पात्रता अंकों (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जाता है उस स्थिति में किसी प्वॉइंट स्केल में समतुल्य ग्रेड) और रियायत अंक प्रक्रिया सहित, यदि कोई हो तो, के आधार पर अर्हता अंक में उपर्युक्त उल्लेखित श्रेणियों के लिए 05 प्रतिशत की छूट अनुमेय है।''

03. कंडिका-दो (G)(3.2) निम्नानुसार टीप स्थापित की जाती है :-
टीप :- म.प्र. शासन द्वारा आयोजित सेट परीक्षा के सफल अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। अन्य राज्यों के सेट/स्लेट सफल अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे।

04. विज्ञापनों की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-11047/48363/2023 **उप सचिव**

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर
नवीन विधि महाविद्यालय के सामने दे.अ.वि.वि. परिसर
खंडवा रोड भंवर कुआं, इंदौर

दूरभाष नं. 0731-2920465 (E-mail - gpotcindore2014@gmail.com)

क्रमांक/पीईटीसी/2023/131-32 इंदौर, दिनांक : 28.03.2023

म.प्र. लोक सेवा आयोग 2020 की साक्षात्कार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2020 के साक्षात्कार का नोटिफिकेशन दि. 27.03.2023 को जारी किया गया, जिसमें म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2020 के साक्षात्कार दि. 27.04.2023 से आयोजित होने की सूचना है।

अतः शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र अभ्यर्थियों के मॉक इंटरव्यू हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन कार्यालयीन समय में शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर (न्यू लॉ कॉलेज के सामने दे.अ.वि.वि. परिसर) से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17.04.2023 एवं प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित तिथि संभवतः 19 अप्रैल 2023 होगी।

प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की अन्य आवश्यक शर्तें -

1. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 6.00 लाख रु. या इससे कम हो।
2. प्रवेश हेतु केवल वे ही अभ्यर्थी आवेदन करें, जो 2020 के इंटरव्यू के लिये पात्र है।
3. सभी अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र अनुसार सभी प्रमाण-पत्र संलग्न करेंगे।
4. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
5. आवेदन करने की **अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2023** होगी।
6. प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जावेगा। आवास सहायता का लाभ नहीं दिया जावेगा। पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित निर्धारित प्रपत्रों में आवश्यक दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप से आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिये शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर के दूरभाष क्रमांक 0731-2920465 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य
शा. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर
दूरभाष नं. - 0731-2920465
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर
शा. नवीन विधि महाविद्यालय, के सामने दे.अ.वि.वि. परिसर खंडवा रोड भंवर कुंआ, इंदौर
दूरभाष नंबर : 0731-2920465
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की 2020 के मॉक इंटरव्यू हेतु आवेदन-पत्र

प्रशिक्षण प्रारंभ दिनांक - 19 अप्रैल 2023 संभावित

समय - दोपहर 12.00 बजे से

स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित रंगीन फोटो

1. पूरा नाम (1) हिन्दी में :– .....
   (2) अंग्रेजी में :– .....
2. पिताजी का नाम :– .....
3. माता का नाम :– .....
4. जन्म दिनांक :– .....
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित :– .....
6. स्थायी पता पिन कोड सहित :– .....
7. जाति एवं उपजाति :– .....
8. परिवार के मुखिया का व्यवसाय :– .....
9. मुखिया की वार्षिक आय :– .....
10. पिता का मो.नं. :– .....
11. स्वयं का व्यवसाय/सर्विस यदि हो तो :– .....
12. स्वयं की वार्षिक आय :– .....
13. भाई-बहन सर्विस/व्यवसाय में हो तो पद व आय सहित उनका विवरण देवें :– .....
    .....
14. स्वयं का मोबाइल नं. :– .....
15. 2020 की प्रारंभिक परीक्षा का वर्ष व रोल नं. :– .....
16. 2020 की मुख्य परीक्षा का वर्ष व रोल नं. :– .....
17. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	शिक्षा (संकाय सहित)	विषय	मण्डल/वि.वि.	प्रतिशत	रिमार्क
1.	हाईस्कूल ( )				
2.	हायर सेकेंडरी ( )				
3.	स्नातक ( )				
4.	स्नातकोत्तर ( )				

18. अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं यदि दे रहे हों तो नाम .....
    परीक्षा तिथि.....रोल नंबर.....
19. रुचि :– .....
20. संलग्न :–
    1. आय, जाति, मूल निवासी के प्रमाण-पत्र की छायाप्रतियां।
    2. हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री, स्नातक, स्नातकोत्तर अंकसूचियों की छायाप्रति।
    3. साक्षात्कार पत्र की छायाप्रति।
    4. आप यदि कोई अन्य प्रतियोगी परीक्षा दे रहे हों तो उसका विवरण देवें।
    5. 600000 तक का आय प्रमाण पत्र आवश्यक।
    6. व्यक्तिगत अभिलेख की छायाप्रति।
    7. अनुप्रमाणन फार्म की छायाप्रति।
    8. मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण के रोल नंबर की कॉपी।
    9. आधार कार्ड की छायाप्रति।
    10. 01 अतिरिक्त रंगीन फोटो भी संलग्न करें।

दिनांक :– हस्ताक्षर आवेदक

स्थान :– नाम :– .....

पता :– .....

जी-11113/48365/2023 मो.नं. :– .....

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

Ph. No. - (07392) 244306, Email - eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 22/प्रोक्योरमेन्ट सेल/22-23 झाबुआ, दिनांक : 31.03.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_PHED_264514_1	Hiring Of 1 No. Four Wheeler Bolero/Xylo/TUV 300 Office of the Executive Engineer PHED, Division Jhabua Distt. - Jhabua	2.58	5160	2000	12 माह
2023_PHED_264516_1	Hiring Of 1 No. Four Wheeler Bolero/Xylo/TUV 300 Office of the Assistant Engineer PHED, Sub Division Jhabua Distt. - Jhabua	2.58	5160	2000	12 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 13.04.2023 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - **13.04.2023 17.30 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि - 17.04.2023 11.00 बजे तक

शर्तें :– 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-11059/48364/2023 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल भवन बाणगंगा भोपाल
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा समूह-3 उपयंत्री (सिविल)/उपयंत्री (वि./यां.) संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में प्रावधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों को सूचना

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित समूह-3 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में प्रावधिक रूप से प्रावीण्य सूची (Merit List) अनुसार उपयंत्री (सिविल)/उपयंत्री (वि./यां.) के दस्तावेजों का सत्यापन कार्यालयीन समय में **दिनांक 10.04.2023 से 12.04.2023 तक** किया जा रहा है एवं यह सूचना अभ्यर्थियों को डाक/ई-मेल/वाट्सएप एप के माध्यम से भेजी जा चुकी है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 0755-2779414 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रमुख अभियंता
जी-11157/48367/2023 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

Office of the Commissioner, Land Records
Rajaswa Bhawan, Naka Chandrawadni, Vivekanand Needam Road
Gwalior, Madhya Pradesh-474002

Phone : 0751-2441200, E-mail : clrgwa@nic.in, Website : www.mpbhulekh.gov.in

Tender Notice

Commissioner of Land Records, Madhya Pradesh ("MPCLR" or "The Purchaser") is extending the last date & time of submission of BID and invites proposals from eligible Bidders of "Selection of System Integrator for WebGIS 2.0". More details on the required Services are provided in the RFP under Section-IV : Schedule of Requirements and issuedcorrigendum on MP e-Tender portal.

- मंत्रिपरिषद द्वारा सीहोर जिले के बुधनी में 100 एम.बी.बी.एस. सीट प्रवेश क्षमता का नवीन चिकित्सा महाविद्यालय तथा 500 बिस्तर सम्बद्ध अस्पताल स्थापित किये जाने के साथ नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिये 60 सीट प्रवेश क्षमता का नर्सिंग महाविद्यालय और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के लिये 60 सीट प्रवेश क्षमता का महाविद्यालय स्थापित किये जाने के लिये 714 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, बैतूल एवं आसपास के क्षेत्रों की भोपाल, जबलपुर तथा छिंदवाड़ा में स्थित चिकित्सा महाविद्यालयों से दूरी अत्यधिक होने से क्षेत्र की जनता को चिकित्सा सुविधाएं सुलभता से प्राप्त होंगी।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में समर्थन मूल्य विकेंद्रीकृत योजना अंतर्गत खाद्यान्न के उपार्जन सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य शासकीय योजनाओं के संचालन एवं डेफिसिट पूर्ति के लिये एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के लिये नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति राशि 29 हजार 400 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी।
- शासकीय प्रत्याभूति से उपलब्ध राशि के अलावा शेष राशि की वित्त व्यवस्था ज्यादा ब्याज दर वाली खाद्यान्न साख सीमा से की जायेगी।
- नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति में से मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ के मध्य समय-समय पर पुन:आवंटन का अधिकार खाद्य विभाग को दिया गया है।
- मंत्रिपरिषद् द्वारा शासकीय हेलीकॉप्टर बेल-430 के स्पेयर्स एवं स्पेयर इंजन के विक्रय के लिये जारी निविदा में राशि 2 करोड़ 36 लाख रुपये, जो कि निर्धारित अपसेट मूल्य राशि 2 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक का प्रस्ताव देने वाली संस्था को विक्रय करने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2020 में संशोधन के लिए विभागीय प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए नीति की कंडिका-10 की उप कंडिका 10.1.3 के द्वितीय तारांकित के निर्णय के लिये साधिकार समिति को अधिकृत किया।
- बैठक में मंत्रिपरिषद ने एकात्म शिक्षण समिति भैंसोदा तहसील नलखेड़ा, जिला आगर मालवा एवं भारतीय किसान संघ, मालवा प्रांत तहसील मल्हारगंज जिला इंदौर को निर्धारित शर्तों एवं राशि जमा करने पर भू-आवंटन की स्वीकृति दी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में तेल घानी बोर्ड गठित होगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित राठौर साहू सकल तैलिक समाज के सामाजिक महाकुंभ को संबोधित करते हुये कहा कि साहू राठौर सकल तैलिक समाज, परिश्रमी-देशभक्त और राष्ट्रवादी समाज है। राज्य सरकार समाज के कल्याण और विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ कर्मा देवी की कृपा देश-प्रदेश पर बनी रहे और माँ सभी के जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करें। श्री चौहान ने समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर एक सप्ताह में तेल घानी बोर्ड का गठन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि माँ कर्मा के तीर्थ-स्थल नरवरगढ़, मंदसौर के तेलिया तालाब सहित अन्य स्थानों को विकसित करने तथा अन्य मांगों की पूर्ति के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मांगों पर विचार किया जायेगा।

रेलवे के लिए एम.पी. ट्रांसको ने तैयार किया ट्रैक्शन फीडर

भोपाल, एम.पी. ट्रांसको ने 132 किलोवॉट सब-स्टेशन डबरा से सिमरिया ताल तक रेलवे के लिए नया ट्रैक्शन फीडर तैयार किया है। गत दिवस 11.4 किलोमीटर लंबे इस फीडर को सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। अनुमानित 14 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से डबरा-सिमरिया ताल लाइन तथा 94 लाख की लागत से डबरा में 132 किलोवॉट ट्रैक्शन-वे तैयार किया गया।

एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री अरविंद शर्मा ने बताया कि इस फीडर के प्रारंभ हो जाने से उत्तर-मध्य रेलवे के ग्वालियर-झाँसी खंड में रेलों के संचालन को विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता के साथ एक अतिरिक्त विकल्प भी उपलब्ध हुआ है।

महावीर स्वामी के पांच महाव्रत शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन कराते हैं - मुख्यमंत्री

जो दूसरों को जीते वह वीर और जो स्वयं को जीते वह महावीर

शहडोल, महावीर स्वामी के पांच महाव्रत सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह भौतिकता से दग्ध मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दर्शन कराते हैं। महावीर जयंती पर हम उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लें। महावीर स्वामी ने बताया था कि जो दूसरों को जीते वह वीर और जो स्वयं को जीते वह महावीर होते हैं। स्वयं को जीतने वाले जितेंद्रिय अर्थात जैन हैं। इस अर्थ में सभी को जैन बनने का प्रयास करना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अमरकंटक में प्रदेश की श्रेष्ठ गौ-शालाओं, गौ-भक्तों और पशु सेवकों को आचार्य श्री विद्यासागर जीवदया पुरस्कार वितरित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर राष्ट्रसंत हैं, जिनके दर्शन का मुझे सौभाग्य मिला है। उनमें मुझे महावीर स्वामी की छवि दिखाई देती है। मूक माटी उनका अद्भुत ग्रंथ है। जैन धर्म हमें बिना हथियार के दूसरों को जीतना सिखाता है। हमारी संस्कृति आत्मवत सर्वभूतेषु, सर्वे भवंतु सुखिन: और एकात्म मानवता की है। हम सब में एक ही चेतना को देखते हैं, हर प्राणी का कल्याण चाहते हैं।

श्री चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जाने रे' से सीख लेकर मैंने बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना बनाई है। मेरे मन में बहनों की पीड़ा दूर करने की भावना थी। इस योजना से बहनें स्वावलंबी बनेगी और उनमें आत्मविश्वास जागृत होगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अमरकंटक में आचार्य श्री विद्यासागर जीवदया पुरस्कार कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौ-संरक्षण और गौ-संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने गाय और पशुओं के लिए भी एंबुलेंस सेवा शुरू की है। प्रदेश के हर विकासखंड में एक-एक एंबुलेंस चलाई जा रही है, जिसमें डॉक्टर और कंपाउंडर की व्यवस्था भी की गई है। प्रदेश में 407 पशु एंबुलेंस आ चुकी है। इस सेवा के लिए 1962 पर कॉल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से प्रदेश में शराब के अहाते बंद कर दिए गए हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर चालक का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

जीव दया और गौ-सेवा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में हुए उत्कृष्ट कार्य

बाल ब्रह्मचारी विनय भैया ने कहा कि जीव दया और पशु सेवा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश सरकार उत्कृष्ट कार्य कर रही है। खेती में आज बैलों की जगह ट्रैक्टर और हार्वेस्टर ने ले ली है। इस कारण से गौ-वंश के समक्ष भोजन की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश सरकार ऐसी व्यवस्था करें कि किसान खेती के बाद नरवाई को जलाये नहीं, बल्कि भूसे को गौ-शालाओं को दे दें। भूसा पशुओं का भोजन है, मनुष्य को उसे जलाने का कोई अधिकार नहीं है। राज्य सरकार किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर भूसा निकालने की मशीन दे रही है। भूसा किसी भी हालत में जलाया नहीं जाना चाहिए।

मध्यप्रदेश गौ-संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने कहा कि प्रदेश में श्रेष्ठ कार्य करने वाली गौ-शाला, गौ-सेवकों और पशु-सेवकों के लिए आचार्य श्री विद्यासागर जी दया पुरस्कार प्रारंभ किया गया है। प्रदेश में 1758 सक्रिय गौ-शालाएं हैं, जिनमें 2 लाख 87 हजार गौ-वंश है। सरकार ने गौ-सेवा के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया है। इस वर्ष गौ-शालाओं को 202 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है।

मुख्यमंत्री ने माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री ने अमरकंटक में मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी, पुण्य-सलिला माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

भगवान आदिनाथ के किए दर्शन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अमरकंटक में सर्वोदय तीर्थ पंचकल्याण मंदिर पहुंच कर भगवान आदिनाथ के दर्शन कर प्रदेश के नागरिकों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान को मंदिर परिसर में स्थापित एक हजार प्रतिमाओं संबंधी जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने निभाया वादा नसरुल्लागंज का नाम हुआ भैरूंदा

सीहोर, नसरुल्लागंज का नाम बदल कर भैरूंदा कर दिया गया है। नाम परिवर्तन से हमारा वैभव फिर लौटा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विशाल जन-समूह के बीच नसरुल्लागंज का नामकरण भैरूंदा करने का उद्घोष नगर के गौरव दिवस के अवसर पर किया। उन्होंने सिंगल क्लिक से नसरुल्लागंज का नाम बदलकर भेरूंदा करने के साथ ही गजट नोटिफिकेशन सांसद श्री रमाकांत भार्गव और अध्यक्ष नगर परिषद श्री मारुति शिशिर को सौंपा। नागरिकों ने वर्षों पुरानी मांग पूर्ण होने और फिर से वैभव लौटाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भैरूंदा के गौरव दिवस समारोह को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने गौरव दिवस पर नगर को 80 करोड़ 94 लाख से अधिक राशि के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात दी। इन कार्यों में 76 करोड़ 25 लाख 51 हजार रुपये की लागत के 16 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन तथा 4 करोड़ 68 लाख 50 हजार रुपये के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने भैरूंदा नगर के विकास के लिये 100 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की।

श्री चौहान ने कहा कि पूरे क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, बिजली, शिक्षा आदि के अनगिनत कार्य हुए हैं। भैरूंदा से अब 350 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल हाई-वे बनाया जायेगा, जो खातेगांव, बड़नगर और इटारसी को भी जोड़ेगा। उन्होंने भैरूंदा के दो दर्जन से अधिक गांवों को सीप अंबर लिफ्ट एरिगेशन योजना से जोड़ने की घोषणा की। साथ ही करीब एक दर्जन गांव में बेराज निर्माण की मंजूरी भी दी।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना को अपने कार्यकाल की सर्वाधिक अच्छी योजना निरूपित करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवार में खुशहाली के साथ ही बहनों के सशक्तिकरण, मान-सम्मान बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। उन्होंने सभी पात्र बहिनों से शिविर में बिना कुछ दिए आवेदन करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम. राइज स्कूल गांव के गरीब परिवार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना में बेटियों की शिक्षा का खर्च राज्य सरकार उठा रही है। प्रदेश में अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा अब हिंदी भाषी बच्चे भी कर सकेंगे और अपना भविष्य संवार सकेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
शहडोल, कटनी, बैतूल, सागर,
दमोह, खण्डवा, हरदा एवं
विदिशा जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

अमित क्षत्रिय को

नासा ने मिशन की अहम जिम्मेदारी दी

भारतवंशी सॉफ्टवेयर और रोबोटिक इंजीनियर अमित

क्षत्रिय को नासा के मून टू मार्स कार्यक्रम का प्रमुख बनाया गया है। नासा की ओर से हाल ही में इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। एजेंसी की ओर से कहा गया है कि क्षत्रिय तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने वर्ष 2003 में अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में कॅरियर की शुरुआत की थी। वह सॉफ्टवेयर और रोबोटिक इंजीनियर के तौर पर कार्यरत थे। उनका मुख्य कार्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का रोबोटिक असेंबलिंग था।

दलाई लामा ने

तीसरे अवतार के रूप में 8 वर्षीय बालक को चुना

तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा ने तीसरे अवतार के रूप में 8

वर्षीय मंगोलियाई बालक को चुना है। इसे 10वें खलखा जेट्सन धम्पा रिनपोछे का अवतार बताया है। यह जुड़वां भाइयों में से एक है। इनका जन्म अमेरिका में हुआ है। 8 मार्च को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में करीब 600 उपासकों के बीच धार्मिक क्रिया और कर्मकांड के बीच चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण किया गया।

रूस

करेगा सेना में नई भर्ती

रूस का रक्षा मंत्रालय सैन्य भर्ती में अनिवार्य सैन्य सेवा

के लिए 1,47,000 पुरुषों की भर्ती करेगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस संबंध में जरूरी अनुमति देने वाले एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भर्ती किए जाने वाले रंगरूटों की संख्या में 12,500 की वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्रालय 18 से 27 वर्ष के योग्य पुरुषों के लिए प्रस्ताव तैयार करते हुए भर्ती शुरू कर देगा।

रिचर्ड वर्मा

अमेरिका में डिप्टी सेक्रेटरी बने

भारतवंशी रिचर्ड वर्मा को अमेरिकी विदेश विभाग

के स्टेट फॉर मैनेजमेंट एंड रिसोर्सेज का डिप्टी सेक्रेटरी बनाया गया है। उनके पक्ष में 67 और विरोध में 26 वोट पड़े। वे तीन साल भारत में अमेरिकी राजदूत रहे और वर्तमान में मास्टर कार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख हैं।

सीलैंड

दुनिया का सबसे छोटा देश

अमेरिका के वेटिकन सिटी से भी छोटे देश सीलैंड की जानकारी मिली है। इसका पूरा नाम 'प्रिंसिपैलिटी ऑफ सीलैंड' है। यह इंग्लैंड से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है। इसे दुनिया का सबसे छोटा देश कहा जाता है। यहां

की जनसंख्या मात्र 27 है। 'प्रिंसिपैलिटी ऑफ सीलैंड' को दुनिया के 200 देशों की लिस्ट में शामिल किया गया है। इस छोटे से देश का साइज 550 वर्गमीटर है।

हमजा युसूफ

स्कॉटलैंड के फर्स्ट मिनिस्टर बने

स्कॉटलैंड को 37 साल के हमजा युसूफ के तौर पर

फर्स्ट मिनिस्टर मिल गया है। पाकिस्तान मूल के स्कॉटिश नागरिक हमजा स्कॉटलैंड के सातवें फर्स्ट मिनिस्टर बने हैं। हमजा ने अब स्कॉटलैंड को ब्रिटेन से आजाद करने की मुहिम भी छेड़ दी है। वे स्कॉटिश नेशनल पार्टी के मुखिया भी हैं। हालांकि उनकी आजादी की मांग को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने खारिज कर दिया है।

डेनियल मुखी

भगवत गीता की शपथ के साथ पद ग्रहण किया

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के

कोषाध्यक्ष का पद संभालने के लिए भारतवंशी डेनियल मुखी ने भगवत गीता की शपथ ली। मुखी ने कहा कि एनएसडब्ल्यू के महान राज्य के लोगों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें यह सम्मान और विशेषाधिकार सौंपा है। उन्होंने भगवत गीता की शपथ लेने पर सकारात्मक सोच दर्शाने के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। वे पहले भारतवंशी - ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बन गए हैं जिन्होंने पद की गोपनीयता, निष्ठा के लिए भागवत गीता की शपथ ली।

म्यांमार में

सैन्य शासकों ने भंग कीं कई पार्टियां

म्यांमार की सैन्य सरकार ने राजनीतिक विरोधियों पर

लगाम लगाने के अपने अभियान के तहत एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने चुनावों से पहले तय समय सीमा के अंदर पंजीकरण नहीं कराने पर दर्जनों विपक्षी दलों को भंग कर दिया है। इनमें अपदस्थ नेता आंग सान सू की पार्टी भी शामिल है। सू की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सहित 40 राजनीतिक दलों को भंग कर दिया गया। एनएलडी सरकार ने संसद में भारी बहुमत के साथ 2015 से 2021 तक म्यांमार में शासन किया था।

मैक्स वूसी

टेंट में 3 साल तक सो कर 7 करोड़ जुटाए

ब्रिटेन में रहने वाले मैक्स वूसी 3 साल से टेंट में सो

रहे थे। उन्होंने इसके जरिए नॉर्थ डोवन आश्रम के लिए 7 करोड़ रुपए जुटाए। इस नेक काम के लिए वूसी का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। वूसी 10 साल के थे, जब उन्होंने 28 मार्च 2020 को डेवोन में अपने घर के आंगन में ''बॉय इन द टेंट'' प्रोजेक्ट शुरू किया था।

इवान गेर्शकोविच

रूस में अमेरिकी पत्रकार गिरफ्तार

रूस की शीर्ष सुरक्षा एजेंसी ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संघीय सुरक्षा सेवा ने इवान गेर्शकोविच

को रूस के यूराल शहर में कथित जानकारियां प्राप्त करने की कोशिश में हिरासत में लिया। शीतयुद्ध के बाद रूस में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार होने वाले अमेरिकी समाचार आउटलेट से जुड़े वे पहले पत्रकार हैं।

यूएई में

राष्ट्रपति ने बेटे को बनाया क्राउन प्रिंस

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद

बिन जायद अल नाहयान ने अपने बेटे शेख खालिद को अरब राज्य की राजधानी आबूधाबी का क्राउन प्रिंस नियुक्त किया है। शेख ने अपने भाई शेख मंसूर बिन जायद अल नाहयान को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मख्तूम के साथ यूएई का उपाध्यक्ष बनाया है।

कैलिफोर्निया में

छात्रों ने सबसे बड़ा शार्कूटरी बोर्ड तैयार किया

कैलिफोर्निया हाईस्कूल के छात्रों ने 2047 फीट लंबा

शार्कूटरी बोर्ड (फलों को परोसने का एक तरह का प्लेट) बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। एजेल्फो कैमारिलो हाईस्कूल में वास्तुकला और उत्पादन डिजाइन के शिक्षक पीटर वाचटेल ने 50 से ज्यादा छात्रों को इसमें शामिल किया। छात्रों ने शार्कूटरी बोर्ड को तैयार करने में 226 किलो विभिन्न खाद्य पदार्थों चीज, नट्स, सूखे मेवे, जैतून और अन्य पदार्थों का इस्तेमाल किया।

बोट रेस

कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड के बीच प्रतियोगिता हुई संपन्न

लंदन के टेम्स नदी में आयोजित बोट रेस में कैम्ब्रिज

और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की रोइंग टीमों ने हिस्सा लिया। दुनिया की इन दो प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के बीच इस रेस का इतिहास 194 साल पुराना है। सबसे पहली बार यह बोट रेस 10 जून 1829 को हुई थी। इस रेस का कोर्स 6.8 किलोमीटर लंबा है। इस बार कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में रेस जीती है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी पुरुष वर्ग में 5 साल में चौथी बार विजेता रही जबकि महिला टीम 6वीं बार विजेता बनी।

भगवानी देवी

95 वर्ष की उम्र में इंडोर चैंपियन बनीं

भारत की 95 वर्षीय भगवानी देवी ने पोलैंड में

आयोजित 9वें वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2023 में अलग-अलग खेलों में 3 गोल्ड मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने ये तीनों गोल्ड मेडल 60 मीटर की दौड़, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो में जीते हैं।

सिलिकॉन वैली बैंक को

फर्स्ट सिटीजन बैंक ने खरीदा

वित्तीय संकटों से घिरे अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक को फर्स्ट सिटीजन बैंक ने खरीद लिया है। बैंक को आर्थिक संकट से निकालने के लिए फर्स्ट सिटीजन बैंक शेयर इंक ने इसे फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन से खरीद लिया है। कॉर्पोरेशन की ओर से जारी बयान

के मुताबिक फर्स्ट सिटीजन बैंक और ट्रस्ट ने सिलिकॉन वैली बैंक के सभी डिपॉजिट्स और लोन को खरीदने के लिए सहमति दे दी थी। ज्ञात रहे कि इस बैंक के डूबने के बाद फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन को इसका रिसीवर नियुक्त किया गया था।

कनाडा में

महिला ने रक्तदान का बनाया रिकॉर्ड

कनाडा के अल्बर्टा में रहने वाली 80 वर्षीय बुजुर्ग

महिला जोसफीन मिचलुक ने अपने पूरे जीवन में सबसे अधिक रक्तदान करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। जोसफीन कुल 203 यूनिट रक्तदान करके अनगिनत लोगों की जान बचा चुकी हैं। यानी कुल मिलाकर उन्होंने 96,019 मिलीलीटर (96 लीटर) रक्तदान किया है।

जैक मा

अलीबाबा के फाउंडर चीन लौटे

अरबपति और अलीबाबा के संस्थापक जैक मा चीन लौट

आए हैं। इसकी सूचना चीन की मीडिया ने दी है। पिछले एक साल से अधिक वक्त से अलीबाबा के संस्थापक जैक मा विदेशों में रह रहे थे। जैक चीन के सबसे प्रसिद्ध कारोबारियों में से एक हैं। जैक मा साल 2021 के अंत में चीन से बाहर चले गए थे।

मनमीत कोलन

भारतवंशी सिख महिला सहायक पुलिस प्रमुख बनीं

भारतीय मूल की सिख महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट

मनमीत कोलन ने महज 37 वर्ष की उम्र में अमेरिका में सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में शपथ ग्रहण की। वह एशियाई मूल की विभाग की पहली सेकंड-इन-कमांड बन गई हैं। कोलन ने अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट में सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

इटली में

बैटल ऑफ ऑरेंजेस फेस्टिवल मनाया गया

इटली के उत्तरी शहर इव्रेया में 3 दिन का ऑरेंज

कार्निवॉल मनाया गया। इस कार्निवॉल में संतरे खाए नहीं जाते बल्कि इससे लड़ाई लड़ी जाती है। जिसे बैटल ऑफ ऑरेंजेस कहा जाता है। इटली के लोगों के लिए यह एक परंपरा भी है। हर साल मार्च में आयोजित होने वाले इस बैटल में 8 हजार लोगों ने 900 टन संतरे एक-दूसरे पर फेंके। ये संतरे दक्षिणी इटली से मंगाए जाते हैं।

स्मृति शेष

मलयालम अभिनेता इनोसेंट का निधन

प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता और पूर्व लोकसभा

सांसद इनोसेंट का 75 वर्ष की आयु में कोच्चि में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने फुटबॉल चैम्पियन से ख्याति प्राप्त की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सेट, यूजीसी नेट तथा सहायक प्राध्यापक हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

प्रश्न 1. आचार्य शुक्ल ने सेनापति को किस 'काल' में स्थान दिया है?
(A) आदिकाल
(B) रीतिकाल
(C) भक्तिकाल
(D) 1 और 2 दोनों

प्रश्न 2. निम्न में से कौन सी ध्वनि कंठ्य ध्वनि है।
(A) अ
(B) क
(C) ऊ
(D) न

प्रश्न 3. "महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय" का मुख्यालय है।
(A) पुणे
(B) मद्रास
(C) वर्धा
(D) नई दिल्ली

प्रश्न 4. 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' में दी जाने वाली वाग्देवी की मूर्ति कहां की अनुकृति है?
(A) उज्जैन, मध्यप्रदेश
(B) अजमेर, राजस्थान
(C) धार, मालवा
(D) जयपुर, राजस्थान

प्रश्न 5. जयशंकर प्रसाद के नाटक 'कल्याणी परिणय' का प्रकाशन किसमें हुआ था?
(A) सरस्वती पत्रिका
(B) इंदु पत्रिका
(C) नागरी प्रचारिणी पत्रिका
(D) माधुरी पत्रिका

प्रश्न 6. निम्न में किसका संबंध नाथ पंथ से है?
(A) वैराग पंथ
(B) अवधूत सम्प्रदाय
(C) कौलमत
(D) सभी

प्रश्न 7. केवल अतीत ही वर्तमान को प्रभावित नहीं करता वर्तमान भी अतीत को प्रभावित करता है। यह किसका कथन है -
(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) बच्चन सिंह
(C) शुक्ल
(D) इलियट

प्रश्न 8. हिन्दी भाषा प्रायः पूर्णतः एक .....भाषा है-
(A) योगात्मक
(B) डिंगल
(C) सहयोगात्मक
(D) वियोगात्मक

प्रश्न 9. हिन्दी के प्रथम यात्रा वृत्तांत के लेखक हैं-
(A) भारतेंदु हरिश्चन्द्र
(B) श्रीमती हरदेवी
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) भगवानदास वर्मा

प्रश्न 10. आलोचकों ने ज्ञानकांड किस युग को कहा है।
(A) भक्तिकाल
(B) रीतिकाल
(C) भारतेंदु युग
(D) द्विवेदी युग

प्रश्न 11. पुस्तकाकार के रूप में हिन्दी का प्रथम यात्रा वृत्तांत है।
(A) लन्दन का यात्री
(B) लन्दन यात्रा
(C) बद्री-केदार यात्रा
(D) मेरी यूरोप यात्रा

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से कौन 'तमस' उपन्यास का पात्र नहीं हैं-
(A) नत्थू (B) स्तो
(C) रिचर्ड (D) हयात बख्श

प्रश्न 13. अहीरवाटी किसकी एक मिश्रित बोली है।
(A) उत्तरी राजस्थानी
(B) पूर्वी राजस्थानी
(C) पश्चिमी राजस्थानी
(D) दक्षिणी राजस्थानी

प्रश्न 14. छायावाद का पूर्वाभास किस कवि की रचनाओं में प्रकट हुआ?
(A) लोचन प्रसाद पाण्डेय
(B) श्याम नारायण पाण्डेय
(C) मुकुटधर पाण्डेय
(D) रूपनारायण पाण्डेय

प्रश्न 15. गुप्त जी वास्तव में सामंजस्यवादी कवि हैं, प्रतिक्रिया का प्रदर्शन करने वाला अथवा मद में झूमने वाले कवि नहीं, कथन है-
(A) रामचंद्र शुक्ल जी
(B) बच्चन सिंह
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) राजस्वरूप चतुर्वेदी

प्रश्न 16. खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य है-
(A) कविता कौमुदी
(B) प्रियप्रवास
(C) उद्भव शतक
(D) लोकायतन

प्रश्न 17. मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कहां और कब हुआ था?
(A) चिरगांव, झांसी, उत्तरप्रदेश में 3 अगस्त 1886 को
(B) प्रयागराज, उत्तरप्रदेश में 3 अगस्त 1886 को
(C) बनारस, उत्तरप्रदेश में 3 अगस्त 1886 को
(D) कानपुर, उत्तरप्रदेश में 3 अगस्त 1890 को

प्रश्न 18. मैथिलीशरण गुप्त को आधुनिक युग का ..... स्वीकार किया जाता है।
(A) कबीर
(B) जायसी
(C) तुलसीदास
(D) बिहारी

प्रश्न 19. 'धाराधरधावन' किसकी अनुवादित कृति है?
(A) सत्यनारायण 'कविरत्न'
(B) नाथूराम शर्मा - 'शंकर'
(C) रायदेवी प्रसाद 'पूर्ण'
(D) जगन्नाथदास 'रत्नाकर'

प्रश्न 20. "ज्ञानराशि के संचित कोष का नाम सहित्य है" यह उक्ति किस साहित्यकार की है।
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) मुक्तिबोध

प्रश्न 21. 'हिन्दी शब्द सागर' की भूमिका किस नाम से लिखी गयी थी?
(A) हिन्दी साहित्य का आदिकाल
(B) हिन्दी साहित्य का इतिहास
(C) हिन्दी साहित्य
(D) हिन्दी साहित्य का विकास

प्रश्न 22. मैथिलीशरण गुप्त की किस रचना में वर्तमान किसान आन्दोलन का रंग प्रधान मिलता है।
(A) भारत भारती
(B) विकट भट
(C) साकेत
(D) अनघ

प्रश्न 23. आधुनिक युग के किस कवि को 'तृतीय सूरदास' की संज्ञा दी गई है?
(A) सत्यनारायण 'कविरत्न'
(B) नाथूराम शर्मा 'शंकर'
(C) रायदेवी प्रसाद 'पूर्ण'
(D) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'

प्रश्न 24. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किसका उपन्यास है?
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) हरिऔध
(C) रामनरेश त्रिपाठी
(D) मैथिलीशरण गुप्त

प्रश्न 25. रामनरेश त्रिपाठी की कौन सी रचना 'लोकगीतों' का संग्रह है।
(A) मानसी
(B) कविता कौमुदी
(C) मिलन
(D) पथिक

प्रश्न 26. तलाकशुदा माता-पिता की संतान की मानसिकता पर आधारित उपन्यास है।
(A) महामोक्ष
(B) आपका बंटी
(C) अंधेरे बंद कमरे
(D) शेखर : एक जीवनी

प्रश्न 27. 'पुरुषार्थ चतुष्टय' को काव्य प्रयोजन किसने माना?
(A) आचार्य बामन
(B) आचार्य भामह
(C) आनन्द वर्द्धन
(D) भरतमुनि

प्रश्न 28. संस्कृत काव्यशास्त्र का प्रथम आचार्य किसे माना जाता है-
(A) भामह
(B) राजशेखर
(C) दण्डी
(D) भतरमुनि

प्रश्न 29. बच्चन का 'निशा निमन्त्रण' अत्याधुनिक इसलिए है कि उसमें जितनी उत्तमता से यथार्थ के प्रति भावात्मक रिश्ते का दिग्दर्शन कराया गया है वह हिन्दी साहित्य जगत में दुर्लभ है। यह कथन किसका है-
(A) डॉ. बच्चन सिंह
(B) गजानन माधव मुक्तिबोध
(C) डॉ. गणपति चन्द्रगुप्त
(D) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी

प्रश्न 30. "शहर में कोई किसी की जाति नहीं पूछता शहर के लोगों की जाति का क्या ठिकाना? लेकिन गांव में तो बिना जाति के आपका पानी नहीं चल सकता" यह कथन किस रचना से लिया गया है।
(A) परती परिकथा
(B) बलायनामा
(C) मैला आँचल
(D) रतिनाथ की चाची

प्रश्न 31. अभिप्रेरणा शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के किस शब्द से हुई है?
(A) मोटम
(B) मोटर
(C) मोशन
(D) मोटिवेशन

प्रश्न 32. हर 12 साल बाद कहां पर पुष्कर महोत्सव का आयोजन किया जाता है-
(A) पंजाब
(B) जम्मू कश्मीर
(C) अजमेर
(D) उत्तरप्रदेश

प्रश्न 33. छायावाद का घोषणा पत्र किस रचना को माना जाता है?
(A) आँसू
(B) झरना
(C) कामायनी
(D) पल्लव

प्रश्न 34. निम्नलिखित संज्ञा विशेषण जोड़ी में कौन सा सही नहीं है?
(A) विष-विषैला
(B) आदि-आदिय
(C) पिता-पैतृक
(D) प्रांत-प्रांतिक

प्रश्न 35. हिन्दी की प्रथम वैज्ञानिक कहानी कौन सी है?
(A) चन्द्रलोक की यात्रा
(B) उसने कहा था
(C) इंदुमती
(D) ग्यारह वर्ष का समय

प्रश्न 36. गोदान का पात्र निम्न में से कौन हैं?
(A) मिर्च
(B) टमाटर
(C) धनिया
(D) मूली

प्रश्न 37. एक कुरूप व्यक्ति को दूसरे में कुरूपता दिखाई देती है और वह कुरूप होने के लिए आलोचना करता रहता है। समायोजन युक्ति है-
(A) युक्तिकरण
(B) प्रक्षेपण
(C) प्रतिक्रिया
(D) दमन

प्रश्न 38. किस विद्वान ने देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि स्वीकार करने का सुझाव दिया था।
(A) सुनीति कुमार चटर्जी
(B) महात्मा गाँधी
(C) काका कालेलकर
(D) विनोबा भावे

प्रश्न 39. 'स्त्री विमर्श' का उद्देश्य है।
(A) स्त्री अस्मिता की खोज
(B) पुरुष प्रभुत्व का विरोध
(C) स्त्रियों की रचनाशीलता से परम्परा की पहचान
(D) ये सभी

प्रश्न 40. "जब हम प्रीति, उदारता और भलमनसाहत का बरताव करते हैं तब वे यही समझते हैं हम उनसे घृणा कर रहे हैं और हम चाहे उनका जितना ही उपकार करें बदले में हमें अपकार ही मिलेगा।" यह कथन किस निबंध से लिया गया है-
(A) घृणा
(B) प्रीति और लोभ
(C) ईष्या तू न गई मेरे मन से
(D) मित्रता

प्रश्न 41. "हिन्दू मग पर पाँव न राखेउं, का जौ बहते हिन्दी भाखेउ यह उक्ति किस रचना और रचनाकार से संबंधित है।
(A) नूर मोहम्मद इन्द्रवती
(B) उसमान-चित्रावली
(C) नूर मोहम्मद-अनुराग बाँसुरी
(D) कॉसिमशाह-हंस जवाहिर

प्रश्न 42. 'अंगद का पांव, कुछ जमीन पर कुछ हवा में' किसकी कृति है?
(A) श्री लाल शुक्ल
(B) शरद जोशी
(C) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

प्रश्न 43. 'वोल्गा से गंगा' किसकी रचना है।
(A) श्यामसुन्दर दास की
(B) सरदार पूर्णसिंह की
(C) राहुल सांकृत्यायन की
(D) डॉ. नगेन्द्र की

प्रश्न 44. 'विक्रमोर्वशी की मूल कथा' नामक निबंध के लेखक हैं।
(A) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(B) अज्ञेय
(C) शुक्ल जी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 45. भौं, पेट, दाँत, नाक आदि पर निबंध किसने लिखे हैं।
(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) बद्रीनारायण चौधरी प्रेम
(C) प्रतापनारायण मिश्र
(D) भारतेन्दु जी

प्रश्न 46. बेकन के निबंधों का अनुवाद कार्य किसने किया?
(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) श्यामसुन्दर गुप्ता
(C) शुक्ल जी
(D) बच्चन सिंह

उत्तर माला

1 (C), 2 (B), 3 (C), 4 (C), 5 (C), 6 (D), 7 (D), 8 (D), 9 (A), 10 (D), 11 (B), 12 (B), 13 (A), 14 (C), 15 (A), 16 (B), 17 (A), 18 (C), 19 (C), 20 (B), 21 (D), 22 (D), 23 (D), 24 (B), 25 (B), 26 (B), 27 (B), 28 (D), 29 (B), 30 (C), 31 (A), 32 (B), 33 (D), 34 (D), 35 (A), 36 (C), 37 (B), 38 (A), 39 (D), 40 (C), 41 (C), 42 (A), 43 (C), 44 (A), 45 (C), 46 (A)।

- मांडवी जायसवाल
(लेखिका, सी.एम. राइज स्कूल बुदनी जिला – सीहोर में उच्च माध्यमिक शिक्षक हिंदी के पद पर पदस्थ हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

प्रश्न 1. देश के पहले प्राकृतिक स्लॉलाम कोर्स का प्रारंभ किस स्थान पर हुआ था -
(अ) महेश्वर
(ब) ओंकारेश्वर
(स) होशंगाबाद
(द) जबलपुर
उत्तर - (अ) महेश्वर
व्याख्या - 11 मार्च 2016 को इसका शुभारंभ हुआ था।

प्रश्न 2. सहस्रधारा किस स्थान पर स्थित है -
(अ) ओंकारेश्वर
(ब) भेड़ाघाट
(स) महेश्वर
(द) जबलपुर
उत्तर - (स) महेश्वर

प्रश्न 3. केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित 4 नागरिक केन्द्रित सुधारों में से 3 सुधारों को पूरा करने वाले पहले समूह में मध्यप्रदेश के अलावा कौन–सा राज्य शामिल है?
(अ) आंध्रप्रदेश
(ब) केरल
(स) उत्तरप्रदेश
(द) कर्नाटक
उत्तर - (अ) आंध्रप्रदेश
व्याख्या - म.प्र. में वन नेशन-वन राशन कार्ड, ईज आफ डूइंग बिजनेस और अर्बन लोकल बॉडी रिफार्म पूरे कर लिये गये हैं।

प्रश्न 4. यूनेस्को ने अर्बन लैंडस्केप सिटी प्रोग्राम के महत म.प्र. के किन शहर/शहरों को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी की सूची में सम्मिलित किया है?
(अ) ग्वालियर
(ब) ओरछा
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) उपरोक्त दोनों

प्रश्न 5. पूर्ववर्ती बुंदेला राजवंशों की 16वीं शताब्दी की राजधानी थी -
(अ) ओरछा
(ब) ग्वालियर
(स) झांसी
(द) छतरपुर
उत्तर - (अ) ओरछा
व्याख्या - ओरछा अपने मंदिरों और महलों के लिये पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है।

प्रश्न 6. 2020 की स्थिति में मध्यप्रदेश में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों की संख्या है -
(अ) 5000 (ब) 4523
(स) 4600 (द) 4000
उत्तर - (ब) 4523
व्याख्या - ये समितियां 38 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा 75 लाख कृषकों से जुड़ी हुई हैं।

प्रश्न 7. डिजिटल गवर्नेंस में उत्कृष्टता के लिये मध्यप्रदेश के किस जिले को उत्कृष्टता अवॉर्ड दिया गया है?
(अ) खण्डवा
(ब) खरगौन
(स) इंदौर
(द) भोपाल
उत्तर - (ब) खरगौन
व्याख्या - खरगौन की जिला वेबसाइट को नागरिक केंद्रित आकांक्षाओं को पूरा करने में प्रामाणिक और विश्वसनीय एकल खिड़की सूचना प्रसार प्रणाली के लिये यह अवॉर्ड दिया गया है।

प्रश्न 8. मध्यप्रदेश सरकार के किस पोर्टल को 'महामारी में नवाचार' श्रेणी में उत्कृष्टता के लिये डिजिटल अवॉर्ड 2020 में सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
(अ) शिक्षा पोर्टल
(ब) महिला सहायता पोर्टल
(स) प्रवासी श्रमिक और रोज़गार सेतु पोर्टल
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) प्रवासी श्रमिक और रोज़गार सेतु पोर्टल
व्याख्या - मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने कोविड 19 महामारी में इस योजना को लागू किया है।

प्रश्न 9. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के वर्तमान में प्रमुख न्यायाधीश हैं -
(अ) अजय कुमार मित्तल
(ब) रवि विजय कुमार
(स) बी.के. गुप्ता
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) रवि विजय कुमार

प्रश्न 10. विश्व बाघ दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 29 जुलाई
(ब) 30 जुलाई
(स) 28 जुलाई
(द) 31 जुलाई
उत्तर - (अ) 29 जुलाई

प्रश्न 11. 'टाइग्रेस ऑफ द ट्रेल' किस विभाग का नवाचार है -
(अ) पर्यटन
(ब) वन
(स) महिला एवं बाल विकास
(द) उच्च शिक्षा
उत्तर - (अ) पर्यटन
व्याख्या - पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश में साहसिक एवं सुरक्षित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 19 नवंबर को प्रथम महिला बाइकिंग ट्रेस को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया गया था। इसके अंतर्गत बाइकर्स महिलायें पर्यटन क्षेत्रों का भ्रमण करेंगी तथा प्रचार प्रसार करेंगी। वे ब्रांड एम्बेसडर का भी काम करेंगी।

प्रश्न 12. गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश का भारत में कौनसा स्थान है?
(अ) प्रथम
(ब) द्वितीय
(स) तृतीय
(द) चतुर्थ
उत्तर - (अ) प्रथम

प्रश्न 13. 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में देश में प्रदेश का स्थान है -
(अ) प्रथम
(ब) द्वितीय
(स) तृतीय
(द) चतुर्थ
उत्तर - (द) चतुर्थ

प्रश्न 14. वर्ष 2018-19 के तथ्यों के अनुसार किस फसल का प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन मध्यप्रदेश में सर्वाधिक है?
(अ) धान
(ब) गेहूं
(स) ज्वार
(द) सोयाबीन
उत्तर - (ब) गेहूं
व्याख्या - गेहूं का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 3537 किलोग्राम है जबकि धान का उत्पादन 3507 किलोग्राम है।

प्रश्न 15. उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कृषक जोतों का औसत आकार मध्यप्रदेश में है -
(अ) 1.57 हेक्टेयर
(ब) 1.50 हेक्टेयर
(स) 2.00 हेक्टेयर
(द) 2.50 हेक्टेयर
उत्तर - (अ) 1.57 हेक्टेयर

प्रश्न 16. नाफेड द्वारा विकासखंड स्तर पर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किस परियोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है?
(अ) साथी
(ब) विकास साथी
(स) सागर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) साथी
व्याख्या - मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जो इस परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है। परियोजना से ग्रामीण क्षेत्र में स्व-सहायता समूह को उपार्जन, भण्डारण, प्रसंस्करण एवं विपणन हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा।

प्रश्न 17. वर्ष 2019 के म.प्र. का लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार खेलों के लिये किसको दिया गया है?
(अ) ऐश्वर्य प्रताप सिंह
(ब) इनाम-उर-रेहमान
(स) शंकर पांडेय
(द) आदित्य दुबे
उत्तर - (ब) इनाम-उर-रेहमान
व्याख्या - ये भोपाल के ओलिंपियन हॉकी खिलाड़ी हैं।

प्रश्न 18. रेडियो फ्रिक्वेंसी स्मार्ट बिजली के मीटर वाला प्रदेश का पहला शहर कौनसा है?
(अ) इंदौर
(ब) रतलाम
(स) उज्जैन
(द) भोपाल
उत्तर - (अ) इंदौर
व्याख्या - रतलाम दूसरा तथा उज्जैन तीसरा शहर है। मीटर के उपभोक्ताओं को ऊर्जस एप पर स्मार्ट मीटर लाइव रीडिंग मिलेगी।

प्रश्न 19. प्रदेश में हॉकी को प्रोत्साहित करने के लिये पुरुषों की हॉकी अकादमी कहां स्थापित होना प्रस्तावित है?
(अ) ग्वालियर
(ब) इंदौर
(स) भोपाल
(द) जबलपुर
उत्तर - (ब) भोपाल
व्याख्या - महिला हॉकी अकादमी की स्थापना ग्वालियर में प्रस्तावित है।

प्रश्न 20. फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री द्वारा किस राज्य की 'बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्टस अवॉर्ड 2020' प्रदान किया गया है?
(अ) मध्यप्रदेश
(ब) गुजरात
(स) उत्तरप्रदेश
(द) बिहार
उत्तर - (अ) मध्यप्रदेश

प्रश्न 21. वर्ष 2019 में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन द्वारा किस पुरुष खिलाड़ी को राइजिंग स्टार के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(अ) राममिलन यादव
(ब) विवेक सागर
(स) संजय चौरे
(द) विवेक आर्य
उत्तर - (ब) विवेक सागर

प्रश्न 22. दिसंबर 2020 तक प्रदेश में कुल कितनी सेवायें लोकसेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित है?
(अ) 532
(ब) 426
(स) 518
(द) 569
उत्तर - (अ) 532

प्रश्न 23. डिजिटल इंडिया अभियान के तहत टॉवर पॉलिसी जारी करने वाला पहला राज्य कौनसा है?
(अ) उत्तरप्रदेश
(ब) महाराष्ट्र
(स) मध्यप्रदेश
(द) केरल
उत्तर - (स) मध्यप्रदेश

प्रश्न 24. नया इंडस्ट्रियल एस्टेट 'जमुनिया' किस जिले में है?
(अ) रायसेन
(ब) भोपाल
(स) बैतूल
(द) इंदौर
उत्तर - (अ) रायसेन
व्याख्या - पहले सभी उद्योग मंडीदीप में लगाये जाते थे।

प्रश्न 25. आठवीं राष्ट्रीय कैनो स्लॉलाम चैंपियनशिप का आयोजन किस स्थान पर हुआ?
(अ) महेश्वर
(ब) ओंकारेश्वर
(स) भेड़ाघाट
(द) होशंगाबाद
उत्तर - (अ) महेश्वर
व्याख्या - 5 से 7 जनवरी 2021 तक इसका आयोजन महेश्वर के सहस्र धारा पर हुआ था। इसमें देश के करीब 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

प्रश्न 26. गुरुनानक एवं रहीम राज्य सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार राशि कितनी होती है?
(अ) 1-1 लाख रुपये
(ब) 50-50 हजार रुपये
(स) अनिश्चित
(द) 2-2 लाख रुपये
उत्तर - (ब) 50-50 हजार रुपये

प्रश्न 27. वर्ष 2015 का गुरुनानक सम्मान किसे दिया गया?
(अ) राघव सिंह राठौड़
(ब) पुरुषोत्तम पारवानी
(स) रमेन्द्र बहादुर
(द) नवीन पाखीजा
उत्तर - (अ) राघव सिंह राठौड़
व्याख्या - यह सम्मान उन्हें महिला बाल विकास एवं कल्याण तथा अत्याचार निवारण क्षेत्र के अंतर्गत बेटी बचाओ, महिला अधिकारों की रक्षा के लिये दिया गया है।

प्रश्न 28. वर्ष 2016 का रहीम राज्य सम्मान किसे दिया गया?
(अ) राघव सिंह राठौड़
(ब) पुरुषोत्तम पारवानी
(स) रमेन्द्र बहादुर
(द) नवीन पाखीजा
उत्तर - (ब) पुरुषोत्तम पारवानी
व्याख्या - शाजापुर जिले के श्री पारवानी ने नि:शुल्क रोगी सेवा केन्द्र 'हेल्प फॉर यू' के माध्यम से निर्धन, असहाय, निराश्रितों की सेवा की है।

प्रश्न 29. वर्ष 2019 का राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसे प्रदान किया गया है?
(अ) डॉ. कुंवर बेचैन
(ब) अशोक चक्रधर
(स) गोपालदास नीरज
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) डॉ. कुंवर बेचैन
व्याख्या - वर्ष 2020 का सम्मान डॉ. शिवओम अम्बर को प्रदान किया गया है। सम्मान में दो लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

प्रश्न 30. 'सम्मान' अभियान किससे संबंधित है?
(अ) महिला जागरूकता
(ब) नशामुक्ति जागरूकता
(स) अपराध जागरूकता
(द) शिक्षा जागरूकता
उत्तर - (अ) महिला जागरुकता
व्याख्या - महिला अपराध उन्मूलन में समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये यह अभियान चलाया गया।

प्रश्न 31. 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' के लिये प्रदेश के किस स्थान से नई रेल प्रारंभ की गई है?
(अ) सतना
(ब) छिंदवाड़ा
(स) रीवा
(द) भोपाल
उत्तर - (स) रीवा
व्याख्या - रीवा-केवड़िया एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।

प्रश्न 32.

प्रश्न 33. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश का स्थान कौनसा है?
(अ) प्रथम
(ब) द्वितीय
(स) तृतीय
(द) चतुर्थ
उत्तर - (अ) प्रथम
व्याख्या - इस योजना के तहत शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर को 10,000/- का ऋण स्वीकृत किया जाता है।

प्रश्न 34. 'लोकल फॉर दीवाली' हैश टैग अभियान किसने चलाया था?
(अ) वस्त्र मंत्रालय
(ब) मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम
(स) विंध्या हर्बल
(द) खादी ग्रामोद्योग विभाग
उत्तर - (अ) वस्त्र मंत्रालय
व्याख्या - स्थानीय शिल्पकारों द्वारा उत्पादित मिट्टी के दियों तथा सूती और रेशमी हाथकरघा वस्त्रों की बिक्री के लिये यह अभियान चलाया गया था।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

विज्ञान

1. हमारे शरीर में अनुवांशिकता की इकाई को कहते हैं?
अ. गुणसूत्र ब. DNA
स. जीन द. केन्द्रक
उत्तर- स. जीन क

2. एण्टीबॉडीज का निर्माण किससे होता है?
अ. प्लेटलेट्स से
ब. लाल रुधिराणु से
स. लिम्फोसाइट्स से
द. सिरोसिस से
उत्तर- स. लिम्फोसाइट्स से

3. सिग्मोएड कोलन किसका भाग है?
अ. छोटी आंत ब. बड़ी आंत
स. पित्ताशय द. अण्डाशय
उत्तर- ब. बड़ी आंत

4. निम्न में से कौन बहु विखण्डन प्रदर्शित करता है?
अ. हाइड्रा ब. यीस्ट
स. प्लैनेरिया द. प्लाज्मोडियम
उत्तर- द. प्लाज्मोडियम

5. मौखिक गर्भ निरोधक के रूप में प्रयुक्त हार्मोन है?
अ. प्रोजेस्ट्रॉन
ब. कॉर्टिसोन
स. टेस्टोस्टेरान
द. एल्डेस्ट्रोन
उत्तर- अ. प्रोजेस्ट्रॉन

6. पौधों में व्हाइट बड़ रोग किसकी कमी से होता है?
अ. जिंक ब. कॉपर
स. बोरॉन द. मैग्नीज
उत्तर- अ. जिंक

7. निम्न में से किस खनिज की हीनता से प्रतिरक्षा न्यूनता होने की सबसे अधिक संभावना है?
अ. कैल्शियम ब. जस्ता
स. लेड द. तांबा
उत्तर- ब. जस्ता

8. एक मानव शरीर में अनैच्छिक मांसपेशियां कहां होती हैं?
अ. लिंब ब. हृदय
स. दिमाग द. जुबान
उत्तर- ब. हृदय

9. निम्नलिखित कोशिका अंगको में कौनसा एक अर्द्धपारगम्य है?
अ. कोशिका झिल्ली
ब. प्लाज्मा झिल्ली
स. कोशिका भित्ति
द. केन्द्रक
उत्तर- अ. कोशिका झिल्ली

10. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म नियततापी प्राणियों का है?
अ. मगरमच्छ तथा शुतुरमुर्ग
ब. हैगफिश तथा डॉगफिश
स. कछुआ तथा शुतुरमुर्ग
द. मोर तथा ऊंट
उत्तर- द. मोर तथा ऊंट

11. विस्थापन के परिवर्तन की दर को कहा जाता है?
अ. त्वरण ब. बल
स. चाल द. वेग
उत्तर- द. वेग

12. रोलरकोस्टर की सवारी में कौन सा बल कार्य करता है?
अ. अपक्रेन्दीय ब. अभिक्रेन्दीय
स. गुरुत्वीय द. अभिलम्ब
उत्तर- ब. अभिक्रेन्दीय

13. जड़त्व आघूर्ण व कोणीय त्वरण का गुणनफल होता है?
अ. बल ब. बल आघूर्ण
स. कार्य द. कोणीय संवेग
उत्तर- ब. बल आघूर्ण

14. किसी पिण्ड का वजन पृथ्वी के केन्द्र पर कितना होता है?
अ. सतह पर वजन से आधा
ब. शून्य
स. दोगुना
द. असीमित
उत्तर- ब. शून्य

15. जहाजों की गति में वृद्धि..... पर आधारित है?
अ. आर्किमिडीज का सिद्धांत
ब. फैराडे के नियम
स. फ्लेमिंग का नियम
द. न्यूटन का नियम
उत्तर- अ. आर्किमिडीज का सिद्धांत

16. ताजे पानी का हिमांक बिन्दु क्या है?
अ. 4^0C ब. 3^0C
स. 5^0C द. 0^0C
उत्तर- द. 0^0C

17. यदि पेण्डुलम घड़ी को पृथ्वी से चन्द्रमा पर ले जाया जाये तो यह होगी?
अ. धीमी
ब. तेज
स. पृथ्वी के समान समय देगी
द. रुक जाायेगी
उत्तर- अ. धीमी

18. अवरक्त किरणें क्या हैं?
अ. अनुदैध्य तरंगें
ब. अनुप्रस्थ तरंगें
स. यांत्रिक तरंगें
द. विद्युत चुम्बकीय तरंगें
उत्तर- द. विद्युत चुम्बकीय तरंगें

19. पूर्ण आन्तरिक परिवर्तन के लिये आपतन कोण का मान होता है?
अ. क्रान्तिक कोण से कम
ब. क्रान्तिक कोण से ज्यादा
स. क्रान्तिक कोण के बराबर
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. क्रान्तिक कोण से ज्यादा

20. जब साबुन के बुलबुले आवेशित होते हैं, तो उसकी त्रिज्या?
अ. बढ़ती है
ब. घटती है
स. कोई परिवर्तन नहीं
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ. बढ़ती है

21. निम्न में से कौन सा एक रासायनिक परिवर्तन नहीं है?
अ. दूध का जमना
ब. फल का पकना
स. जल का वाष्पन
द. कोयले का जलना
उत्तर- स. जल का वाष्पन

22. हाइड्रोजन के रेडियोधर्मी समस्थानिक परिवर्तन को कहते हैं?
अ. ड्यूटीरियम ब. प्रोटियम
स. रेडियम द. ट्राइटियम
उत्तर- द. ट्राइटियम

23 "चीली शीरा" किस का सामान्य नाम है?
अ. पोटेशियम नाइट्रेट
ब. सोडियम नाइट्रेट
स. सोडियम नाइट्रांइट
द. पोटेशियम नाइट्राइट
उत्तर- ब. सोडियम नाइट्रेट

24. पायस एक कोलाइॅड होता है?
अ. द्रव में गैस का
ब. द्रव में द्रव का
स. गैस में द्रव का
द. ठोस में गैस का
उत्तर- ब. द्रव में द्रव का

25. किसी गैस का आण्विक द्रव्यमान होता है?
अ. उसके वाष्पदाब से दोगुना
ब. उसके वाष्पदाब के बराबर
स. उसके वाष्पदाब से आधा
द. उसके वाष्पदाब से असंबंद्ध
उत्तर- अ. उसके वाष्पदाब से दोगुना

26. किसी शुष्क सेल में विद्युत का उत्पादन?
अ. रासायनिक ऊर्जा से होता है
ब. ऊष्मीय ऊर्जा से होता है
स. यांत्रिक ऊर्जा से होता है
द. नाभिकीय ऊर्जा से होता है
उत्तर- अ. रासायनिक ऊर्जा से होता है

27. निम्न में से कौन सी रबी फसल नहीं है?
अ. राई (सरसों) ब. चावल
स. गेहूं द. चना
उत्तर- ब. चावल

28. पशुपालन के साथ खेती को क्या कहा जाता है?
अ. मिश्रित खेती
ब. रिले खेती
स. डेरी फार्मिंग
द. एकल कृषि
उत्तर- अ. मिश्रित खेती

29. प्राकृतिक मोम प्राप्त होता है?
अ. एपिस डोर्सेटा से
ब. मेलिनोपा जाति से
स. बॉस इण्डीकस से
द. लॅसिफर लक्का से
उत्तर- अ. एपिस डोर्सेटा से

30. निम्न में से कौन सा अनाज मानव निर्मित है?
अ. सेकेल सिरिएल
ब. पोमेटो
स. ट्रिटिकेल
द. उपर्युक्त सभी
उत्तर- स. ट्रिटिकेल

31. राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र कहां अवस्थित है?
अ. दिल्ली ब. हैदराबाद
स. मुम्बई द. चेन्नई
उत्तर- ब. हैदराबाद

32. राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना कब हुई?
अ. 1980 ब. 1984
स. 1986 द. 1990
उत्तर- ब. 1984

33. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
अ. के. शिवन
ब. जी. माधवन
स. के. कस्तुरीरंगन
द. एस. सोमनाथ
उत्तर- द. एस. सोमनाथ

34. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र भारत के किस राज्य में है ?
अ. केरल
ब. आंध्रप्रदेश
स. कर्नाटक
द. तमिलनाडु
उत्तर- अ. केरल

35. टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान की स्थापना कब की गई?
अ. 1945 ब. 1950
स. 1955 द. 1960
उत्तर- अ. 1945

36. रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO) किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है?
अ. रक्षा मंत्रालय
ब. सूचना व प्रैद्योगिकी मंत्रालय
स. गृह मंत्रालय
द. उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ. रक्षा मंत्रालय

37. इसरो का उपग्रह नियंत्रण केन्द्र मध्यप्रदेश के किस शहर में अवस्थित है?
अ. इन्दौर ब. जबलपुर
स. ग्वालियर द. भोपाल
उत्तर- द. भोपाल

38. प्रथम स्वास्थ्य नीति भारत में कब लागू की गई?
अ. 1980 ब. 1975
स. 1981 द. 1983
उत्तर- द. 1983

39. खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम कब लागू हुआ?
अ. 2000 ब. 2005
स. 2009 द. 2006
उत्तर- द. 2006

40. चेर्नोबिल परमाणु दुर्घटना कब हुई थी?
अ. 1980 ब. 1982
स. 1984 द. 1986
उत्तर- द. 1986

41. भोपाल गैस त्रासदी कब हुई?
अ. 2-3 दिसम्बर, 1984
ब. 2-3 नवंबर, 1984
स. 2-3 दिसम्बर, 1985
द. 2-3 नवंबर, 1985
उत्तर- अ. 2-3 दिसम्बर, 1984

42. जल जनित बीमारी का एक उदाहरण है?
अ. डिफथीरिया
ब. टॉन्सिलिटिस
स. डायरिया
द. खसरा
उत्तर- स. डायरिया

43. मध्यप्रदेश झील संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना कब की गई थी?
अ. 2001 ब. 2002
स. 2003 द. 2004
उत्तर- द. 2004

44. अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस कब मनाया जाता है?
अ. 22 मई ब. 5 जून
स. 16 सितम्बर द. 23 मई
उत्तर- अ. 22 मई

45. मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मुख्यालय है?
अ. भोपाल ब. इंदौर
स. सागर द. जबलपुर
उत्तर- अ. भोपाल

46. निम्नलिखित में से कौन सी आपदा पर्यावरणीय ह्रास के कारण उत्पन्न होती है?
अ. भू-स्खलन
ब. बाढ़ व सूखा
स. वनों की आग
द. ये सभी
उत्तर- द. ये सभी

47. जल प्रदूषण निवारक व नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया?
अ. 1990 ब. 1981
स. 1970 द. 1974
उत्तर- द. 1974

48. धुएं तथा कोहरे से बनी वातावरण में मोटी कोहरे की तरह परत क्या कहलाती है?
अ. धुंध ब. आंधी
स. एयरोसोल द. सस्पेंशन
उत्तर- अ. धुंध

49. प्रत्येक पौष्टिकता स्तर पर नष्ट न होने योग्य रसायनों का संचय कहलाता है?
अ. जैविक वृद्धिकरण
ब. रासायनिक वृद्धिकरण
स. अवशेष वृद्धिकरण
द. उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ. जैविक वृद्धिकरण

श्रृद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय
चित्रकूट जिला - सतना (म.प्र.) 485334

Walk-in-interview

इस विश्वविद्यालय में ITEP रेगुलेशन 2021 के अनुसार B.A.B.Ed. B Sc.B.Ed. & B.Com.B.Ed. पाठ्यक्रमों में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के सम्बन्ध में जारी अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 के अनुसार शैक्षणिक योग्यता (Academic Qualification) के मापदंडों के अनुसार सत्र 2023-24 के लिये अध्यापन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थान पर फोटोयुक्त आवेदन पत्र संलग्नों सहित, आवश्यक मूल अभिलेखों एवं उनकी छायाप्रतियों सहित उपस्थित हों।

नोट : योग्यता संबंधी जानकारी, विषय साक्षात्कार तिथि (10 से 12 अप्रैल, 2023) एवं स्थान आदि की विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें।

वेबसाइट - www.gramodayachitrakoot.ac.in
दूरभाष नम्बर - 07670, 265411, 265394 (Help Desk)

जी-48371/2023 कुलसचिव

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, राज्य पात्रता परीक्षा (सेट), सहायक कुल सचिव एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए

सामान्य अध्ययन

1. सर्वाधिक कोयला भंडारण क्षमता वाला कोयला क्षेत्र है -
(A) सोहागपुर (B) मोहपानी
(C) सिंगरौली (D) उमरिया

2. भोपाल में मिंटो हाल का निर्माण किसके शासन काल में कराया गया था ?
(A) सुल्तान जहां बेगम
(B) सिकंदर बेगम
(C) कुदसिया बेगम
(D) बेगम साजिदा सुल्तान

3. गणेश माडा, विवाह माडा, शंकर माडा गुफाएं किस जिले से संबंधित हैं -
(A) विदिशा (B) धार
(C) सिंगरौली (D) सतना

4. पशुपतिनाथ की नगरी के नाम से किस नगर को जाना जाता है -
(A) उज्जैन (B) भोजपुर
(C) मंदसौर (D) ओंकारेश्वर

5. ऋग्वेद में कितनी ऋतुओं का उल्लेख मिलता है -
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

6. कम्प्यूटर साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है ?
(A) 5 सितम्बर (B) 2 दिसम्बर
(C) 14 दिसम्बर (D) 5 फरवरी

7. प्रोसेसर के तीन मुख्य भाग हैं -
(A) ALU, कंट्रोल यूनिट और RAM
(B) ALU, कंट्रोल यूनिट, रजिस्टर
(C) कैश मेमोरी, कंट्रोल यूनिट और रजिस्टर
(D) इनमें से कोई नहीं

8. पण्डित माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा रचित कविता 'पुष्प की अभिलाषा' कहां लिखी गई थी ?
(A) जबलपुर केन्द्रीय जेल
(B) बिलासपुर केन्द्रीय जेल
(C) होशंगाबाद केन्द्रीय जेल
(D) रायपुर केन्द्रीय जेल

9. देजला-देवड़ा सिंचाई परियोजना किस जिले से संबंधित हैं ?
(A) बुरहानपुर (B) उज्जैन
(C) खरगौन (D) धार

10. मध्यप्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या हैं -
(A) 1.53 करोड़ (B) 1.42 करोड़
(C) 1.13 करोड़ (D) 1.8 करोड़

11. भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की स्थापना कब हुई थी ?
(A) 1985 (B) 1984
(C) 1983 (D) 1982

12. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 में म.प्र. राज्य के कितने खिलाड़ियों ने भाग लिया था ?
(A) 474 (B) 374
(C) 434 (D) 347

13. सुप्रसिद्ध कहानीकार 'मन्नू भण्डारी' का संबंध किस जिले से है ?
(A) झाबुआ (B) मंदसौर
(C) रतलाम (D) ग्वालियर

14. गंभीर किस नदी की सहायक नदी है ?
(A) बेतवा (B) क्षिप्रा
(C) घसान (D) पार्वती

15. राज्यपाल द्वारा सदन को विशेष अभिभाषण देने का प्रावधान किस अनुच्छेद में दिया गया है ?
(A) अनुच्छेद - 176
(B) अनुच्छेद - 174
(C) अनुच्छेद - 175
(D) अनुच्छेद - 177

16. "रानी गाइदिन्ल्यू" स्वतंत्रता सेनानी किस राज्य से संबंधित हैं -
(A) मणिपुर (B) त्रिपुरा
(C) मेघालय (D) सिक्किम

17. भारत में सर्वप्रथम जीआई टैग किसे प्रदान किया गया था -
(A) दार्जिलिंग चाय
(B) मिथिला मखाना
(C) महोबा का पान
(D) चिन्नौर चावल

18. संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती हैं ?
(A) राष्ट्रपति (B) राज्यपाल
(C) प्रधानमंत्री (D) मुख्यमंत्री

19. पौधों द्वारा नाइट्रोजन को किस रूप में ग्रहण किया जाता है ?
(A) नाइट्रेट
(B) जैविक नाइट्रोजन
(C) पोटाश
(D) अमोनिया

20. उच्च स्तरीय भाषा (HLL) में लिखित प्रोग्राम कहलाता है ?
(A) सोर्स प्रोग्राम
(B) ऑब्जेक्ट प्रोग्राम
(C) असेम्बली प्रोग्राम
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. इनमें से कौन-सी AI प्रोग्रामिंग भाषा नहीं है ?
(A) Perl
(B) Prolog
(C) LISP
(D) a और b दोनों

22. दक्षिण से उत्तर की ओर बहने वाली नदी है ?
(A) वर्धा (B) भीमा
(C) तुंगभद्रा (D) वैनगंगा

23. रोबर्स गुफाएं कहां पर स्थित हैं ?
(A) जबलपुर (B) चण्डीगढ़
(C) देहरादून (D) बद्रीनाथ

24. मॉन्ट्रियल प्रोटोकाल का संबंध है -
(A) ग्लोबल वार्मिंग
(B) ओजोन ह्रास
(C) वायु प्रदूषण
(D) जल प्रदूषण

25. प्राचीन नगर 'गिरिनार' वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है ?
(A) जूनागढ़ (B) वल्लभी
(C) द्वारिका (D) सिद्धपुर

26. मध्यप्रदेश की पहली खुली जेल कहां शुरू हुई ?
(A) भोपाल (B) होशंगाबाद
(C) धार (D) भिंड

27. ग्रैमी अवॉर्ड प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय कलाकार हैं ?
(A) पं. विश्व मोहन भट्ट
(B) पं. रविशंकर
(C) उस्ताद जाकिर हुसैन
(D) अली अकबर खां

28. डॉ. मुनेश्वर चंद्र डावर किस जिले से संबंधित हैं ?
(A) धार (B) जबलपुर
(C) मुरैना (D) दतिया

29. जी-20 में कौन सा देश सम्मिलित नहीं है -
(A) न्यूजीलैण्ड
(B) इण्डोनेशिया
(C) अर्जेंटीना
(D) कोरिया गणराज्य

30. भारतीय तट रेखा की कुल लंबाई कितनी है ?
(A) 8129 किमी
(B) 7516.6 किमी
(C) 6435 किमी
(D) 5200 किमी

31. विश्व जलाशय दिवस कब मनाया जाता है ?
(A) 15 जनवरी (B) 22 मार्च
(C) 2 फरवरी (D) 18 सितम्बर

32. कौन-सा विटामिन गर्म करने से नष्ट हो जाता है ?
(A) D (B) C
(C) A (D) B

33. साइबर स्टॉकिंग से अभिप्राय है -
(A) साइबर पोर्नोग्राफी
(B) कम्प्यूटर फ्रॉड
(C) कम्प्यूटर वायरस
(D) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किसी का उत्पीड़न

34. बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र किस जिले में स्थित ?
(A) भोपाल (B) सीहोर
(C) देवास (D) कटनी

35. सॉफ्टवेयर जिसका उपयोग निजी नेटवर्क की सुरक्षा बनाये रखने के लिए प्रयोग किया जाता है -
(A) मालवेयर (B) एनक्रिप्शन
(C) फायरवॉल (D) क्लिकबेट

36. लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की स्थापना कब हुई ?
(A) 1960 (B) 1961
(C) 1954 (D) 1957

37. जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना में म.प्र. में कौन सा जिला भारत में प्रथम स्थान पर है ?
(A) बुरहानपुर (B) उज्जैन
(C) ग्वालियर (D) धार

38. अमृतलाल बेगड़ किसके लिए जाने जाते हैं -
(A) चित्रकला (B) मूर्तिकला
(C) प्रिंटिंग (D) गायक

39. भरहुत स्तूप किस काल से संबंधित है -
(A) शुंगकाल (B) गुप्तकाल
(C) मौर्यकाल (D) कृष्णकाल

40. भारत भवन कहां स्थित है -
(A) भोपाल (B) जबलपुर
(C) इन्दौर (D) ग्वालियर

41. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को किस वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है ?
(A) मोटे अनाज का वर्ष
(B) मत्स्य पालन वर्ष
(C) तिलहन वर्ष
(D) मृदा वर्ष

42. 'नील गिरि ताहर' किस राज्य का राजकीय पशु है ?
(A) केरल (B) तमिलनाडु
(C) कर्नाटक (D) गोवा

43. प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल 'चूल गिरि' किस जिले में है ?
(A) बड़वानी (B) दतिया
(C) बैतूल (D) उज्जैन

44. मध्यप्रदेश में हांड़ीखोह किस जगह पर है -
(A) पचमढ़ी (B) उमरिया
(C) अनूपपुर (D) सतना

उत्तरमाला

1. (C), 2. (A), 3. (C), 4. (C), 5. (C) 6. (B), 7. (B), 8. (B), 9. (C), 10. (A), 11. (B), 12. (A), 13. (B), 14. (B), 15. (A), 16. (A), 17. (A), 18. (A), 19. (A), 20. (A), 21. (A), 22. (C), 23. (C), 24. (B), 25. (A), 26. (B), 27. (B), 28. (B), 29. (A), 30. (B), 31. (C), 32. (B), 33. (D), 34. (A), 35. (C), 36. (D), 37. (A), 38. (A), 39. (C), 40. (A), 41. (A), 42. (B), 43. (A), 44. (A)।

- प्रवीण कुमार जायसवाल
(लेखक - जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल में भूगोलवेत्ता हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. डीआरएस तकनीक का इस्तेमाल किस खेल में किया जाता है?
(अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
(स) हॉकी (द) टेनिस

2. इस वर्ष फॉर्मूला-वन सत्र में कुल कितनी रेस आयोजित होंगी?
(अ) 22 (ब) 23
(स) 23 (द) 25

3. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष हैं?
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) चेतन शर्मा
(स) रोजर बिन्नी
(द) संदीप पाटिल

4. पूर्व अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स ने ओलिंपिक खेलों में कुल कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) 15 (ब) 18
(स) 20 (द) 23

5. वर्ष 2023 में किस महिला खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंडस्लैम जीता है?
(अ) आर्यना सबालेंका
(ब) इगा स्वितेक
(स) विक्टोरिया अजारेंका
(द) जेलेना ओस्तोपेंको

6. वर्ष 2018 में किस देश में विंटर ओलिंपिक खेल आयोजित किए गए थे?
(अ) चीन (ब) नॉर्वे
(स) आयरलैंड (द) द. कोरिया

7. रॉबर्टो मार्टिनेज किस देश की फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बनाए गए हैं?
(अ) पुर्तगाल (ब) नीदरलैंड
(स) स्पेन (द) कोस्टा रिका

8. इनमें से कौन ऑकलैंड क्लासिक ओपन-2023 के विजेता बने हैं?
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) रिचर्ड गास्केट
(स) आंद्रे रूबलेव
(द) केविन एंडरसन

9. इनमें से किस महिला क्रिकेटर के नाम सबसे ज्यादा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है?
(अ) मेग लेनिंग
(ब) सोफी डिवाइन
(स) हरमनप्रीत कौर
(द) मिताली राज

10. विनिसियस जूनियर किस देश के युवा फुटबॉलर हैं?
(अ) जर्मनी (ब) ब्राजील
(स) बेल्जियम (द) क्रोएशिया

11. इनमें से किस वर्ष ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप नहीं जीता है?
(अ) वर्ष 1996 (ब) वर्ष 1999
(स) वर्ष 2003 (द) वर्ष 2015

12. कनाडा ने किस वर्ष डेविस कप का खिताब जीता है?
(अ) वर्ष 2010 (ब) वर्ष 2016
(स) वर्ष 2019 (द) वर्ष 2022

13. फॉर्मूला-वन रेसर डेनियल रिकियार्डो किस देश के खिलाड़ी हैं?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) स्पेन
(स) डेनमार्क (द) कोलंबिया

14. नोवाक जोकोविच ने अब तक कितने ग्रैंडस्लैम टाइटल जीते हैं?
(अ) 16 (ब) 18
(स) 20 (द) 22

15. वर्ष 2021-2022 में किस देश ने रग्बी सेवंस वर्ल्ड सीरीज जीती है?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) फिजी
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) अमेरिका

16. एलिसन फेलिक्स एथेलेटिक्स में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं ?
(अ) जमैका
(ब) अमेरिका
(स) युगांडा
(द) इनमें से कोई नहीं

17. वर्ष 2018 में विम्बलडन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?
(अ) इलिना रिबाकिना
(ब) सिमोना हालेप
(स) एंजेलिक कर्बर
(द) पेत्रा क्वितोवा

18. इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
(अ) म्युनिख (ब) दुबई
(स) अटलांटा (द) लुसाने

19. वर्ष 2023 में फीफा महिला वर्ल्डकप का आयोजन किन देशों में किया जायेगा ?
(अ) ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड
(ब) कतर-कुवैत
(स) अमेरिका-कनाडा
(द) इनमें से कोई नहीं

20. फीफा वर्ल्डकप-2022 के फाइनल में किस खिलाड़ी ने हैट्रिक बनाई है?
(अ) लियोनल मेसी
(ब) किलियन एम्बापे
(स) करीम बेंजेमा
(द) एमी मार्टिनेज

(शेष अगले पृष्ठ पर)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

SUBJECT: GENERAL ENGLISH

● **Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)**

1. Her father bought her ..... toy.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

2. It is ..... simplest way of learning.
(a) a (b) the
(c) an (d) No article

3. I gave her ..... gift.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

4. Raj was waiting for his friend at ..... bus stop.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

5. You can take ..... Gangakaveri Express to Chennai.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

● **Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)**

6. Let's go to Kolkata ..... train.
(a) for (b) in
(c) on (d) by

7. They played a joke ..... me.
(a) off (b) by
(c) into (d) on

8. 18 is the age ..... which a person is allowed to cast a vote in India.
(a) from (b) at
(c) with (d) by

9. His poems are noted ..... the simplicity of language.
(a) of (b) for
(c) by (d) in

10. Meera cut the pineapple ..... a knife.
(a) for (b) at
(c) with (d) by

11. Radhika lived with her uncle and aunt ..... three years.
(a) in (b) for
(c) off (d) at

12. Many books were kept ..... the table.
(a) by (b) on
(c) of (d) at

● **Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)**

13. My mother ..... early in the morning daily.
(a) is woke up
(b) is waking up
(c) wakes up
(d) woke up

14. I ..... Movie until nine last night.
(a) has been watching
(b) is watched
(c) is watching
(d) was watching

15. I ..... of my cousins since 2020.
(a) has taken care
(b) have been taking care
(c) was taken care
(d) is taking care

16. Birds ..... their eggs in nest.
(a) have been laying
(b) were laying
(c) lay
(d) lays

17. If Radha ..... to school, she will become wise.
(a) went (b) goes
(c) have gone (d) going

18. You ..... to fail this examination as you haven't prepared for this well.
(a) were going
(b) are going
(c) have gone
(d) had been going

● **Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)**

19. You are requested to submit the report.
(a) You should submit the report.
(b) Submit the report.
(c) Submit the report, please.
(d) You must submit the report.

20. Sumit makes a bouquet of red roses.
(a) Red roses bouquet is made by Sumit.
(b) A bouquet was made by Sumit of red roses.
(c) A bouquet of red roses was made by Sumit.
(d) A bouquet of red roses is made by Sumit.

21. Sangeeta has baked some cookies.
(a) Some cookies has baked by Sangeeta.
(b) Some cookies has been baked by Sangeeta.
(c) Some cookies have been baked by Sangeeta.
(d) Some cookies baked Sangeeta.

22. Vineet sells chocolates and cakes.
(a) Chocolates and cakes have been sold by Vineet.
(b) Chocolates and cakes are sold by Vineet.
(c) Chocolates and cakes are being sold by Vineet.
(d) Chocolates and cakes were sold by Vineet.

23. They spend a lot of money on inessentials.
(a) Inessentials are spent a lot of money by them.
(b) A lot of money is spent on inessentials by them.
(c) A lot of money has spent on inessentials by them.
(d) Money on inessentials was spent by them.

24. He gave the story a little twist.
(a) A little twist the story given by him.
(b) The story is given a little twist by him.
(c) The story was given a little twist by him.
(d) The story was being given a little twist by him.

25. They gave me stupid suggestions.
(a) Stupid suggestions have been given to me by them.
(b) I was given stupid suggestions to them.
(c) Stupid suggestions are given by them to me.
(d) Stupid suggestions were given to me by them.

● **Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)**

26. Fish out of water.
(a) To be in the comfort zone.
(b) Fish lives in the water only.
(c) To be out of one's comfort zone.
(d) Fish cannot live without water.

27. Take a rain check.
(a) Carry the essentials in rainy time.
(b) Execute a plan on time.
(c) Postpone a plan.
(d) Planning for something.

28. Turn a deaf ear.
(a) Try hard to listen someone.
(b) Pay attention to someone.
(c) To ignore what someone is saying.
(d) Heed someone's say.

29. Under my thumb.
(a) Someone is not in control.
(b) Keep someone out of control.
(c) Keep someone illiterate in life.
(d) Under my control.

30. The cherry on the cake.
(a) The final thing that makes something perfect.
(b) The initiative taken for starting good thing.
(c) The perfect beginning of any event.
(d) The cake is decorated with cherry.

● **Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)**

31. Assailant
(a) Attacker (b) Culprit
(c) Victim (d) Offender

32. Optimistic
(a) Hopeful (b) Dejected
(c) Positive (d) Sanguine

33. Scarce
(a) Limited
(b) Abundant
(c) Insufficient
(d) Sparse

34. Intrepid
(a) Bold (b) Cowardly
(c) Fearless (d) Valiant

35. Nadir
(a) Depths
(b) Modish
(c) Lowest Point
(d) Acme

● **Synonym (Question Nos. 36 to 40)**

36. Forbid
(a) Forgive (b) Allow
(c) Consent (d) Prohibit

37. Lucid
(a) Fuzzy (b) Simple
(c) Vague (d) Extol

38. Lethal
(a) Injure (b) Damage
(c) Deadly (d) Harmless

39. Trivial
(a) Noteworthy
(b) Major
(c) Insignificant
(d) Significant

40. Illusion
(a) Disillusion
(b) Disenchant
(c) Disappoint
(d) Delusion

● **One word substitution (Question Nos. 41 to 45)**

41. A study of religion.
(a) Ornithology
(b) Theology
(c) Philology
(d) Lexicography

42. Fear of water.
(a) Zoophobia
(b) Hydrophobia
(c) Acrophobia
(d) Nomophobia

43. A place where objects are exhibited.
(a) Auditorium
(b) Sanatorium
(c) Museum
(d) Occidental

44. A place where coins are made.
(a) Reserve Bank
(b) Company
(c) Factory
(d) Mint

45. Believer of fate.
(a) Fanatic
(b) Conservative
(c) Florist
(d) Fatalist

● **In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)**

46. (a) Department
(b) Deparatment
(c) Dipartment
(d) Deapartment

47. (a) Competition
(b) Compitition
(c) Competision
(d) Compeatition

48. (a) Minscule
(b) Miniscule
(c) Mincsule
(d) Minusscule

49. (a) Trophay (b) Trofiy
(c) Trophi (d) Trophy

50. (a) Occation
(b) Occassion
(c) Occatsion
(d) Occasion

ANSWERS

1. a	2. b	3. a	4. c	5. c
6. d	7. d	8. b	9. b	10. c
11. b	12. b	13. c	14. d	15. b
16. c	17. b	18. b	19. c	20. d
21. c	22. b	23. b	24. c	25. d
26. c	27. c	28. c	29. d	30. a
31. c	32. b	33. b	34. b	35. d
36. d	37. b	38. c	39. c	40. d
41. b	42. b	43. c	44. d	45. d
46. a	47. a	48. b	49. d	50. d

EXPLANATION

2. Article 'the' is placed before an adjective in the superlative degree.

17. Simple present tense is used in subordinate clause showing probable condition (which is shown by if), hence the simple present tense is applied here.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Associate Professor of English
Sardar Patel Mahavidyalaya
Chandrapur)

दिव्यांगजन के लिये छतरपुर को मिला समेकित क्षेत्रीय केंद्र

भोपाल, केंद्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश को समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) प्रदान किया जा रहा है। देश के 21 सीआरसी में से एक, इस केंद्र ने छतरपुर में 8 अप्रैल से कार्य प्रारंभ कर दिया है। अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगता संस्थान, मुम्बई के अंतर्गत स्थापित होने वाले इस नये सीआरसी में सभी दिव्यांग श्रेणियों को एक ही छत के नीचे पुनर्वास सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि केंद्र एवं राज्य शासन दिव्यांगजन के सभी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं और परिणाममूलक प्रतिकूलताओं के प्रति संवेदनशील हैं। केंद्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पास राष्ट्रीय संस्थानों के रूप में स्वायत्त निकायों का एक नेटवर्क है, जो विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं में विशेषज्ञता रखते हैं। राष्ट्रीय संस्थान दिव्यांगजन को चिकित्सीय और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के साथ उनकी संभावित सेवा के लिये मानव संसाधन भी तैयार करते हैं। ये संस्थान अपने क्षेत्र में अनुसंधान करते हैं और शिविरों के माध्यम से सहायक उपकरण वितरण और विभिन्न दिव्यांग कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन करते हैं।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

21. किस क्रिकेटर के नाम लगातार चार वन-डे मैचों में मैन ऑफ द मैच बनने का रिकॉर्ड दर्ज है?
(अ) सनथ जयसूर्या
(ब) मैथ्यू हेडन
(स) सौरव गांगुली
(द) ब्रायन लारा

22. आन से यंग किस देश की दिग्गज महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं?
(अ) जापान (ब) इंडोनेशिया
(स) चीन (द) द. कोरिया

23. वर्ष 2023 में वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की जायेगी?
(अ) बुडापेस्ट (ब) दोहा
(स) एंटवर्प (द) ओटावा

24. उबेर कप किस खेल से संबंधित एक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है?
(अ) फुटबॉल (ब) बैडमिंटन
(स) स्क्वॉश (द) टेनिस

25. पी.टी. उषा किस खेल में भारत की महान खिलाड़ी रह चुकी हैं?
(अ) एथेलेटिक्स (ब) हॉकी
(स) टेनिस (द) कुश्ती

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (अ), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (ब), 11. (अ), 12. (द), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (स), 18. (द), 19. (अ), 20. (ब), 21. (स), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (अ)।

पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग-सागर, भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांक/361/मप्रपुहाका/पयं/सागर/23 **दिनांक 05.04.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

निविदा सूचना क्रमांक 01, 02, 03 /2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत भोपाल, सागर, छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिले में भवन निर्माण, बाह्य विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि क्रमशः 13.04.2023, 13.04.2023 एवं 17.04.2023 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/109285/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48381/2023

विदेश व्यापार नीति - 2023

निर्यात में लगातार आगे बढ़ता भारत

भारत का कुल निर्यात 750 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर चुका है। इस साल इसके 760 अरब अमेरिकी डॉलर को पार करने की उम्मीद है। यह दर्शाता है कि वर्तमान में भारत जिस मुकाम पर खड़ा है, वहां अब देश की साख इतनी मजबूत हो चुकी है कि वह अपने निर्यात में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है। भारत अपने निर्यात से 750 अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई कर चुका है। यह ध्यान देने योग्य बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आजादी के 75वें वर्ष में 750 अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात हासिल करने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा भी की है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2016 में भारत में जहां 435 बिलियन यूएस डॉलर का निर्यात होता था, वहीं उसके बाद साल 2022 तक यह 676 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंच गया यानि इस अवधि के बीच कुल 55.4 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2023 में भारत अपने निर्यात को 760 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर तक ले जाना चाहता है, जिसमें कुल 74.7 प्रतिशत की ग्रोथ होगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत पहले से ही बेहतर तैयारी के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत की नई व्यापार नीति का लागू होना भी इस दिशा में बड़ा मददगार साबित होगा। यही वजह है कि साल 2030 तक भारत के निर्यात को अब 2000 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

भारत को अपने निर्यात से किन क्षेत्रों में मिला बेहतर स्थान?

भारत आज अपने निर्यात से जिन क्षेत्रों में बेहतर स्थान पर है उनमें कृषि, इंजीनियरिंग और फार्मा निर्यात शामिल है। दरअसल बीते 6-7 साल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के कृषि, इंजीनियरिंग और फार्मा निर्यात में बड़ा उछाल देखने को मिला है।

- इंजीनियरिंग निर्यात वित्तीय वर्ष 2016 में 62 बिलियन यूएस डॉलर से वित्त वर्ष 2022 में 112 बिलियन यूएस डॉलर हुआ।
- कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2016 में 31 बिलियन यूएस डॉलर से वित्त वर्ष 2022 में 50 बिलियन यूएस डॉलर हुआ।
- वित्त वर्ष 2016 में इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात 162.60% बढ़कर 6 बिलियन यूएस डॉलर से वित्त वर्ष 2022 में 16 अरब यूएस डॉलर हो गया।
- खिलौनों का निर्यात वित्त वर्ष 2016 के 290 मिलियन यूएस डॉलर से 88.54% बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 546 मिलियन यूएस डॉलर हो गया।

लागू हुई विदेश व्यापार नीति-2023

हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विदेश व्यापार नीति 2023 का अनावरण किया। ये नीति एक अप्रैल से लागू हो गई है। इस नीति का लक्ष्य भारत के निर्यात को 2030 तक दो ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 एक नीति दस्तावेज है जो निर्यात को सुगम बनाने वाली समय-परीक्षणित योजनाओं की निरंतरता के साथ-साथ एक दस्तावेज है जो व्यापार की आवश्यकताओं के लिए तीव्र और उत्तरदायी है। यह निर्यातकों के साथ 'विश्वास' और 'साझेदारी' के सिद्धांतों पर आधारित है।

एफटीपी 2023 का उद्देश्य

एफटीपी 2023 का उद्देश्य निर्यातकों के लिए व्यापार करने में आसानी की सुविधा के लिए री-इंजीनियरिंग और स्वचालन की प्रक्रिया करना है। यह दोहरे उपयोग वाली उच्च अंत प्रौद्योगिकी से जुड़े उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित करता है। जैसे ई-कॉमर्स निर्यात को सुविधाजनक बनाता है, निर्यात प्रोत्साहन के लिए राज्यों और जिलों के साथ सहयोग करता है। नई एफटीपी निर्यातकों के लिए पुराने लंबित प्राधिकरणों को बंद करने और नए सिरे से शुरू करने के लिए एकमुश्त एमनेस्टी योजना शुरू कर रही है। एफटीपी 2023 'टाउन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस स्कीम' के माध्यम से नए शहरों और 'स्टेट्स होल्डर स्कीम' के माध्यम से निर्यातकों की पहचान को प्रोत्साहित करता है।

नई विदेश व्यापार नीति के तहत पहले चरण के लिए 2200-2500 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है। मंत्रालय इसको बढ़ावा देने के लिए रोडमैप तैयार कर चुका है। हर जिले में एक्सपोर्ट हब बनाया जाएगा। निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से हर जिले में एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी बनाई गई है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) की तरफ से कहा गया है कि नई नीति के आने से एमएसएमई के विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव होंगे। सरकार कई देशों से ट्रेड एग्रीमेंट्स कर रही है। विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए विभाग में कई बदलाव किए जाएंगे। इसमें कॉर्पोरेट जगत के लोगों को शामिल किया जाएगा। संबन्धित सेक्टर के एक्सपर्ट नीति निर्माण का हिस्सा होंगे।

नई विदेश व्यापार नीति में डेयरी क्षेत्र को औसत निर्यात दायित्व बनाए रखने से छूट दी जाएगी। इसके अलावा कपड़ों पर विशेष अग्रिम प्राधिकरण योजना का विस्तार होगा। ई-कॉमर्स निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए भी ये पॉलिसी कारगर साबित होगी। इसके जरिए मंत्रालय ने 2023 तक 200-300 अरब अमेरिकी डॉलर तक निर्यात बढ़ने की उम्मीद जताई है। विदेश व्यापार नीति ने निर्यात दायित्व में चूक के एकमुश्त निपटान के लिए एमनेस्टी योजना पेश की। कूरियर सेवाओं के माध्यम से निर्यात के लिए मूल्य सीमा पांच लाख रुपये प्रति खेप से बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक कर दी गई है।

- पिछली विदेश व्यापार नीति 1 अप्रैल, 2015 को लागू की गई थी, इसके समाप्त होने की तिथि 2020 थी, लेकिन कोरोना महामारी के प्रकोप और लॉकडाउन की वजह से इस नीति को कई बार विस्तार दिया गया। इसे अंतिम बार सितंबर 2022 में 31 मार्च, 2023 तक के लिए बढ़ाया गया था।
- नई विदेश व्यापार नीति अगले पांच साल के लिए होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय की तरफ से यह जानकारी दी गई है कि इस नीति की कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसे समय-समय पर अपडेट किया जाएगा। इस पॉलिसी के जरिए निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

व्यापार नीति का मुख्य दृष्टिकोण इन 4 स्तंभों पर है आधारित

इस नीति का मुख्य दृष्टिकोण इन 4 स्तंभों पर आधारित है : (i) छूट के लिए प्रोत्साहन, (ii) सहयोग के माध्यम से निर्यात प्रोत्साहन – निर्यातक, राज्य, जिले, भारतीय मिशन, (iii) व्यापार करने में आसानी, लेनदेन लागत में कमी और ई-पहल और (iv) उभरते क्षेत्र-ई-कॉमर्स निर्यात हब के रूप में विकासशील जिले और स्कोमेट नीति को सुव्यवस्थित करना।

5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मिलेगी मदद

उल्लेखनीय है कि नई विदेश नीति निर्यात संवर्धन और विकास पर जोर देती है। यह एक प्रोत्साहन व्यवस्था से दूर एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, जो प्रौद्योगिकी इंटरफेस और सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित है। एफटीपी 2015 के तहत अग्रिम प्राधिकरण, ईपीसीजी आदि जैसी कुछ चालू योजनाओं की प्रभावशीलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्यातकों की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी सक्षमता के साथ जारी रखा जाएगा। एफटीपी 2023 कागज रहित, ऑनलाइन वातावरण में कार्यान्वयन तंत्र को संहिताबद्ध करता है, जो पहले 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पहलों पर आधारित है। यह भारत को 2030 से पहले 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगी।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

चूना उद्योग के कारण देश भर में प्रसिद्ध है कटनी जिला

कटनी, मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 28 मई, 1998 को जबलपुर से अलग करके किया गया था। इस जिले के उत्तर-पूर्व में सतना, पूर्व में उमरिया, दक्षिण में जबलपुर, पश्चिम में दमोह जिला तथा उत्तर-पश्चिम में पन्ना जिला स्थित है। कटनी को मुड़वारा के रूप में भी जाना जाता है। कटनी जंक्शन, देश के सबसे बड़े एवं महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में से एक है और यहाँ भारत का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड और सबसे बड़ा डीजल लोकोमोटिव शेड है। चूने की अधिकता के कारण कटनी को चूना नगरी भी कहा जाता है। कटनी 20वीं सदी की शुरुआत के बाद से शहर के रूप में जाना जाता है। शहर का विकास ब्रिटिश शासन के अधीन ही शुरू हो चुका था । कटनी नगर का नामकरण कटनी नदी के नाम पर हुआ है। यह जिले में बहने वाली मुख्य नदी है। कटनी जिले के बिल्हारी का पान काफी प्रसिद्ध है, जिसका उल्लेख अबुल फजल ने आईने-ए-अकबरी में भी किया है।

इतिहास

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार जिले में कई प्रमुख वंशों के राजाओं ने शासन किया है, यहां बसाहट मौर्य काल के दौरान या उससे कुछ समय पहले ही हुई थी। मौर्य शासकों ने यहां लम्बे समय तक राज किया। इसके बाद आए गुप्त वंश के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र का बहुत विकास हुआ। यहां चंदेल और कुलचरी वंश के राजाओं ने भी राज किया। कुछ समय तक क्षेत्र में मुगलों का भी शासन रहा। बाद में रीवा रियासत और मराठा राजाओं ने इस क्षेत्र को अपने अधीन ले लिया था। 18वीं सदी के बाद अंग्रेजों ने यहां अधिपत्य जमा लिया और देश के आजाद होने के बाद कटनी को एक जिले के रूप में पहचान मिली। यहां 1874 में नगरपालिका का गठन हुआ। कटनी के रूपनाथ नामक स्थान पर मौर्यकालीन शासक अशोक का पाली भाषा का शिलालेख प्राप्त हुआ है। कटनी तीन अलग-अलग सांस्कृतिक राज्यों महाकौशल, बुंदेलखण्ड और बघेलखण्ड की संस्कृति का समूह है। कटनी जंक्शन वैगन यार्ड से अर्द्धवृत्ताकार मोड़ जैसा है जिसके कारण लोग इसे मुड़वारा कहते हैं। एक गाथा यह भी प्रचलित है कि इस शहर का नामकरण 'मुंड' (सिर) के आधार पर हुआ है, जो इस स्थान पर हुए एक युद्ध में पूर्व शासक परिवार के किसी पुरखे का सिर कटकर गिरने की याद में रखा गया था।

अर्थव्यवस्था

कटनी जिले की प्रमुख फसल धान है। यहां टमाटर का उत्पादन भी बहुतायत में होता है। कटनी जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर स्थित तेवरी ग्राम स्वीटकॉर्न (अमेरिकन भुट्टे) के लिए प्रसिद्ध है। यह यहां से देश के कई शहरों में भेजा जाता है। कटनी औद्योगिक रूप से विकसित जिला है।

कटनी जिले में चूना, बॉक्साइट और अन्य कई महत्वपूर्ण खनिज बहुतायत में पाए जाते हैं । यहां कई खनन स्थल हैं, जहां उच्च गुणवत्ता वाले संगमरमर का खनन होता है। कटनी का स्लीमनाबाद गांव, संगमरमर पत्थरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां से संगमरमर पूरे भारत में भेजा जाता है। जिले में चूने और सीमेंट के कई उद्योग हैं।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 28 मई 1998
2. संभाग- जबलपुर
3. जिला मुख्यालय- कटनी
4. क्षेत्रफल- 4950 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 12,92,042 (पुरुष- 6,62,013 महिला- 6,30,029)
6. लिंग अनुपात- 952
7. जनघनत्व- 261 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 71.98%
9. तहसीलें- 8 (कटनी शहर, कटनी ग्रामीण, रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा, बरही)
10. विकासखंड- 06
11. ग्राम पंचायत- 407
12. ग्राम- 968
13. नगर परिषद- 3
14. जनपद पंचायत- 6
15. नगर निगम- 1
16. विधानसभा क्षेत्र- 4 (बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, मुड़वारा)
17. लोकसभा क्षेत्र- 02 (शहडोल और खजुराहो)
18. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली, बघेली, गोंडी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- कटनी में गुप्तकालीन कलाकृतियां इस बात को प्रदर्शित करती हैं कि उन दिनों कलाप्रेमी राजाओं के लिए कटनी का पत्थर ही किला, गढ़ी और मंदिरों के निर्माण में उपयुक्त माना जाता था और उनमें उकेरी गई कलाकृतियां आज भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। गुप्तकाल के बाद कल्चुरी काल के राजाओं ने तो कटनी के कारीतलाई और बिलहरी में अपने कला केंद्र ही स्थापित किए थे। इसका कारण यह था कि कटनी में मिलने वाला पत्थर मुलायम होने के साथ ही उस पर कलाकृतियां उकेरना आसान होता है। कटनी के मंदिरों, गढ़ी, मठ के अलावा जबलपुर के चौसठ योगिनी मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर भी इसी कला के प्रमाण माने जाते हैं।
- कटनी जिले के प्रसिद्ध चतुर्युग धाम में हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार चार युगों को दर्शाया गया है। पहली मंजिल सत युग, दूसरी मंजिल त्रेता युग की, तीसरी मंजिल द्वापर युग के लिए और शीर्ष मंजिल कलयुग को समर्पित है।
- विजयराघवगढ़ किला कटनी जिले के गौरवशाली अतीत के इतिहास का प्रतीक है। किले के सामने एक छोटा मंदिर है, जिसमें चमकदार सफेद संगमरमर का शिवलिंग है, जिसके पीछे एक और सुंदर शिव मंदिर स्थित है।1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विजयराघवगढ़ रियासत के राजा प्रयागदास के पुत्र राजा सरयूप्रसाद का यह किला अपनी अनूठी वास्तुकला के कारण पर्यटकों के बीच प्रसिद्ध है।
- कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील का करौंदी गांव भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु माना जाता है। कर्क रेखा भी इस गांव से गुजरती है। इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर के संस्थापक प्राचार्य एसपी चक्रवर्ती की अगुवाई में 1956 में इस स्थान की खोज छात्रों ने की थी। विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों में बसे इस गांव को देश का दिल भी कहते हैं।
- प्राकृतिक कुंडों में भरा पानी, गुफा में विराजे भगवान भोलेनाथ, चारों ओर अनूठी प्राकृतिक छटा और इन सभी के बीच में सम्राट अशोक के शिलालेख, यह सब मौजूद हैं, जिले की बहोरीबंद तहसील के ऐतिहासिक स्थल रूपनाथ धाम में। पुरातत्व महत्व व लोगों की आस्था का केन्द्र यह स्थल अपने आप में अनूठे रहस्यों से भरा है। कहा जाता है कि सम्राट अशोक बहोरीबंद के समीप स्थित रूपनाथ में रुके थे।
- रूपनाथ धाम में पंचलिंगी शिव प्रतिमा है, जिसे रूपनाथ के नाम से जाना जाता है। यह कैमोर पहाड़ियों के एक सिरे पर स्थित है। पहाड़ी में सबसे नीचे सीता कुंड, मध्य में लक्ष्मण कुंड और सबसे ऊपर भगवान राम का कुंड है।
- झिंझरी का शैलाश्रय, बहोरीबंद का जैन मंदिर और विष्णु मंदिर, रानी अवंतीबाई का स्मारक, विजयराघवगढ़ का देवी शारदा मंदिर, तिगवां का भगवान पार्श्वनाथ और नरसिंह मंदिर आदि जिले में स्थित अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

खेल चर्चा

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री

मेलबर्न, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस में जीत दर्ज की है। वर्स्टापेन ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री रेस जीती है। 58 लैप की इस रेस को वर्स्टापेन ने 2 घंटे 32 मिनट 38.371 सेकेंड में पूरा किया। रेस में मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन दूसरे, फर्नांडो अलोंसो तीसरे, लांस स्ट्रॉल चौथे और सर्जियो पेरेज पांचवें स्थान पर रहे। पिछले 12 वर्षों में पहली बार रेडबुल टीम के किसी रेसर ने ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री जीती है, इससे पहले वर्ष 2011 में रेडबुल के लिए सबेस्टियन वेटल ने ये रेस जीती थी।

स्पेन मास्टर्स खिताब जीतने से चूकी सिंधू

मेड्रिड, भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधू का स्पेन मास्टर्स जीतने का सपना टूट गया। स्पेन मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में सिंधू को इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा। चोट के कारण पिछले काफी समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रही सिंधू ने इस बार टूर्नामेंट जीतने के लिए पूरा दम लगा दिया था, लेकिन फाइनल में उन्हें निराशा हाथ लगी। ग्रेगारिया ने फाइनल मुकाबला एकतरफा अंदाज में 21-8, 21-8 से जीता। सिंधू ने जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन जीता था, इसके बाद से ही वे एक भी टूर्नामेंट नहीं जीत पाई हैं।

वेस्टइंडीज ने 2-1 से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को वेस्टइंडीज ने 2-1 से अपने नाम कर लिया है। वेस्टइंडीज ने सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 220 रन बनाये। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 44 और निकोलस पूरन ने 41 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत की। दक्षिण अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 83 और रिली रोसो ने 42 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। हेंड्रिक्स के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आये। दक्षिण अफ्रीकी टीम 213 रन ही बना सकी।

विम्बलडन में रूस के खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध हटा

लंदन, विम्बलडन में अब रूस और बेलारूस के खिलाड़ी भी खेलते हुए नजर आयेंगे। विम्बलडन का आयोजन करने वाली संस्था ऑल इंग्लैंड क्लब ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के खेलने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को विम्बलडन में खेलने की अनुमति दी गई है, लेकिन ये खिलाड़ी अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकेंगे, उन्हें न्यूट्रल लैग के लिए खेलना होगा। माना जा रहा है कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी इसी नियम के आधार पर पेरिस ओलिंपिक में भी हिस्सा ले सकते हैं।

मियामी ओपन

डेनिल मेदवेदेव पहली बार बने चैम्पियन

मियामी, रूस के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। मेदवेदेव ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में इटली के युवा खिलाड़ी जेनिक सिनर को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया। मेदवेदेव ने अपने टेनिस कॅरियर में पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता है।

डेनिल मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी कोरेन खाचानोव को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं कार्लोस अलकराज को हराकर फाइनल में जगह बनाने वाले सिनर को फाइनल में मेदवेदेव के सामने बड़ी चुनौती माना जा रहा था, लेकिन फाइनल में दबाव का सामना करने में जेनिक सिनर असफल रहे। सिनर वर्ष 2021 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन खिताब नहीं जीत पाये थे।

सिनर ने पहले सेट में मेदवेदेव के सामने कड़ी चुनौती पेश की। मेदवेदेव ने काफी मशक्कत के बाद ये सेट 7-5 से जीता। दूसरे सेट में सिनर ने आक्रामक खेलने के चक्कर में कई गलतियां कीं, जिनका बखूबी लाभ मेदवेदेव ने उठाया। मेदवेदेव ने दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम किया।

क्वितोवा बनीं महिला वर्ग की विजेता

मियामी ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब चेक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा ने जीता। क्वितोवा ने स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की एलिना रिबाकिना को कड़े मुकाबले में 7-6 (16-14), 6-2 से हराया। क्वितोवा ने पहली बार मियामी ओपन खिताब अपने नाम किया है। मैच का पहला सेट रोमांचक रहा। पहले सेट में स्कोर बराबर रहने पर सेट टाईब्रेकर में गया। टाइब्रेकर में क्वितोवा ने 16-14 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में क्वितोवा ने रिबाकिना को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और एकतरफा अंदाज में 6-2 से सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब सेंटियागो गोंजालेज और एडुआर्ड रोजर वासेलिन की जोड़ी ने जीता, वहीं महिला युगल वर्ग में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की जोड़ी विजेता बनी।

- डेनिल मेदवेदेव ने इस वर्ष चौथी बार एटीपी खिताब जीता है।
- मेदवेदेव ने इससे पहले इस वर्ष रॉटरडेम ओपन, कतर ओपन और दुबई टेनिस चैम्पियनशिप जीती है।
- मेदवेदेव अब तक 19 एटीपी टाइटल जीत चुके हैं।
- पेत्रा क्वितोवा ने पांच वर्ष बाद पहली बार डब्ल्यूटीए खिताब जीता है।

आईसीसी ने इंदौर पिच की रेटिंग में किया सुधार

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर में खेले गए टेस्ट मैच के बाद जारी की गई पिच रेटिंग में सुधार किया है। आईसीसी ने पहले इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच को खराब रेटिंग दी थी। इसके बाद बीसीसीआई ने इस फैसले के खिलाफ आईसीसी में अपील की थी। इस अपील के बाद आईसीसी ने अपने निर्णय में बदलाव किया है और होल्कर स्टेडियम की पिच की रेटिंग को खराब से बदलकर औसत से नीचे कर दिया है।

अफगानिस्तान ने पहली बार पाकिस्तान से जीती सीरीज

शारजाह, अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम ने क्रिकेट के मैदान पर पाकिस्तान को पटखनी देकर इतिहास रच दिया है। अफगानिस्तान ने शारजाह में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। अफगानिस्तान ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट से जीता, वहीं दूसरे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी। हालांकि पाकिस्तान तीसरा और आखिरी मैच 66 रनों से जीत कर अपनी प्रतिष्ठा बचाने में सफल रहा। अफगानिस्तान के क्रिकेट इतिहास में ये पहला मौका है जब उसने पाकिस्तान को किसी प्रारूप में मैच और सीरीज में धूल चटाई है।

भारत ने जीता त्रिकोणीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

इंफाल, भारत ने त्रिकोणीय अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लिया है। इंफाल में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में भारतीय टीम ने अपने दूसरे मैच में किर्गिस्तान को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैच में भारतीय टीम शुरुआत से ही किर्गिस्तान पर भारी नजर आई। मैच का पहला गोल सेंटर बैक खिलाड़ी संदेश झिंगन ने 34वें मिनट में किया। संदेश ने मिडफील्डर ब्रेंडन फर्नांडेस के बेहतरीन पास को गोल में तब्दील कर भारतीय टीम का खाता खोला। एक गोल से पिछड़ने के बाद किर्गिस्तान ने पलटवार की कोशिश की, लेकिन भारतीय टीम के डिफेंडरों ने किर्गिस्तान के अटैक को बेअसर कर दिया।

मैच के दूसरे हाफ में भी भारतीय खिलाड़ियों ने किर्गिस्तान पर दबाव कायम रखा। भारतीय टीम के लिए दूसरा गोल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने किया। मैच के 84वें मिनट में छेत्री के द्वारा किए गए इस गोल से भारतीय टीम 2-0 से आगे हो गई और इसी स्कोर पर मैच समाप्त हुआ। भारतीय फुटबॉल टीम ने इससे पहले टूर्नामेंट के पहले मैच में म्यांमार को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया था।

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमेक ने कहा कि इस टूर्नामेंट को एएफसी एशियन कप की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा था, जिसमें भारतीय टीम सफल रही।

- भारत की घरेलू मैदान पर ये लगातार पांचवीं जीत है।
- सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 85 गोल हो गए हैं।

भारत के पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

जामनगर, भारत के पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन हो गया है। दुर्रानी 88 वर्ष के थे और लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। दुर्रानी अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले पहले क्रिकेटर हैं। उन्हें वर्ष 1960 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया था। दुर्रानी पावर हिटिंग के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा वे बेहतरीन ऑलराउंडर भी थे। उन्होंने भारत के लिए 29 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में दुर्रानी ने 1202 रन बनाये और 75 विकेट लिए हैं। दुर्रानी के नाम एक टेस्ट शतक और सात अर्धशतक भी दर्ज हैं।

सलीम दुर्रानी का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन वे प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी रहे हैं। दुर्रानी ऐसे क्रिकेटर थे, जो दर्शकों की डिमांड पर छक्के लगाते थे।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सलीम दुर्रानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सलीम दुर्रानी जी महान क्रिकेटर थे। उन्होंने विश्व क्रिकेट में भारत के उत्थान में अहम योगदान दिया है। दुर्रानी जी मैदान के अंदर और बाहर अपनी अलग शैली के लिए जाने जाते थे।

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए जारी किया वार्षिक अनुबंध

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वर्ष 2022-23 सत्र के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए वार्षिक अनुबंध (सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट) का ऐलान किया है। बीसीसीआई ने बताया कि वार्षिक अनुबंध सूची में 26 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। खिलाड़ियों को चार ग्रेड ए प्लस, ए, बी और सी में रखा गया है। ए प्लस ग्रेड में चार, ए ग्रेड में 5, बी ग्रेड में 6 और सी ग्रेड में 11 खिलाड़ियों को जगह मिली है।

वार्षिक अनुबंध के तहत ए प्लस ग्रेड के खिलाड़ियों को सात करोड़ रुपये, ए ग्रेड के खिलाड़ियों को पांच करोड़ रुपये, बी ग्रेड के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और सी ग्रेड के खिलाडियों को एक करोड़ रुपये वार्षिक दिये जाते हैं। बीसीसीआई ने बताया कि रवींद्र जडेजा को ए ग्रेड से प्रमोट कर ए प्लस में जगह दी गई है।

अंजिक्य रहाणे, ईशांत शर्मा, हनुमा विहारी, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर और मयंक अग्रवाल को वार्षिक अनुबंध में जगह नहीं मिली है। रहाणे और ईशांत काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी अब मुश्किल लग रही है। इसी के कारण इन्हें वार्षिक अनुबंध से बाहर किया गया है। वहीं हनुमा विहारी, भुवनेश्वर, मयंक और दीपक चाहर खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम और सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में अपनी जगह गवां बैठे।

ए प्लस ग्रेड- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

ए ग्रेड- हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत, आर. अश्विन और अक्षर पटेल।

बी ग्रेड- चेतेश्वर पुजारा, के एल राहुल, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज, सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल।

सी ग्रेड- उमेश यादव, शिखर धवन, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह और के.एस. भरत।

मेसी ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में बनाया गोल करने का शतक

डेल एस्टेरो, अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में गोल करने का शतक बनाया है। मेसी ने यह उपलब्धि कुराकाओ के खिलाफ खेले गए एक मैत्री मैच के दौरान हासिल की। इस मैच में मेसी ने तीन गोल कर हैट्रिक बनाई और अपनी टीम को 7-0 से जीत दिलाने में मदद की। मेसी ने मैच में अपना पहला गोल दागते हुए अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में गोल का शतक पूरा किया। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी के 102 गोल हो गए हैं। मेसी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 100 या इससे ज्यादा गोल दागने वाले विश्व के तीसरे फुटबॉलर हैं। मेसी से पहले ईरान के अली देई (109) और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (122) अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में गोल करने का शतक पूरा करने की उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

वित्त वर्ष 2022-23 में

सेल ने अपना सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन किया

इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ

इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन किया है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इस वार्षिक अवधि के दौरान 19.409 मिलियन टन (एमटी) हॉट मेटल और 18.289 मिलियन टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। इनमें उत्पादन की दृष्टि से पिछले सर्वश्रेष्ठ की तुलना में क्रमश: 3.6% तथा 5.3% की वृद्धि हुई है। कंपनी अधिक मूल्य वर्धित और विशेष इस्पात उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही वर्षों से लगातार अपने उत्पादन में बढ़ोतरी कर रही है।

सीबीआई की हीरक जयंती

सीबीआई की प्रमुख जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त कराने की है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के हीरक जयंती समारोह

- **केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की स्थापना 1 अप्रैल 1963 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृत एक प्रस्ताव के साथ की गई थी।**
- **इस कार्यक्रम के दौरान एक अलंकरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री ने सीबीआई के लिए विशिष्ट सेवाएं देने वाले कर्मियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक और ब्यूरो के सर्वश्रेष्ठ जांच अधिकारियों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किए।**

का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने शिलांग, पुणे और नागपुर शहर में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने सीबीआई के हीरक जयंती समारोह वर्ष के अवसर को यादगार बनाते हुए एक डाक टिकट तथा स्मारक सिक्का जारी किया और ब्यूरो के ट्विटर हैंडल की भी शुरुआत की।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ब्यूरो ने देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी के रूप में 60 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई ने बीते छह दशकों में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री मोदी ने कहा कि सीबीआई ने अपनी कार्यप्रणाली, सक्षमता और कौशल के माध्यम से आम नागरिकों का विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि आज भी जब कोई अनसुलझा हुआ मामला सामने आता है, तो उसको सीबीआई को सौंपने के लिए आम सहमति बनती है।

ब्यूरो की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सीबीआई ने बहु-आयामी और बहु-अनुशासनात्मक अन्वेषण एजेंसी के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की है। उन्होंने इसके विस्तारित क्षेत्र का उल्लेख किया और कहा कि सीबीआई की मुख्य जिम्मेदारी भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त कराना है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के अंदर देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई करने का आह्वान किया, फिर चाहे वह व्यक्ति कितना भी रसूखदार क्यों न हो। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में हमारे प्रयासों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। यही राष्ट्र की अभिलाषा है और यही देशवासियों की चाह है। देश, कानून और संविधान आपके साथ है।

प्रधानमंत्री ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने तकनीक-सक्षम उद्यमियों एवं युवाओं को जोड़ने तथा ब्यूरो में तकनीक-जानकार युवा अधिकारियों का बेहतर उपयोग करने का सुझाव दिया। श्री मोदी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में ऐसी 75 प्रक्रियाओं और प्रणालियों को संकलित करने के लिए सीबीआई की सराहना की, जिन्हें व्यवस्था से बाहर किया जा सकता है। उन्होंने इस पर समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए कहा। श्री मोदी ने कहा कि संस्था के विकास की प्रक्रिया अथक रूप से जारी रहनी चाहिए।

जापान

अमेरिकी प्रतिबंधों को छोड़ रूस से खरीद रहा तेल

यूक्रेन युद्ध के बाद से ही भारत सस्ती कीमत पर रूस से क्रूड ऑयल ले रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगियों ने रूसी कच्चे

- **जापान ने अमेरिका से उसे अपवाद मानने को कहा है।**
- **जापान ने पिछले एक साल में रूसी प्राकृतिक गैस की खरीद बढ़ा दी है।**

तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल का एक कैप लगा रखा है। लेकिन अब अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जापान ने इस कैप से ज्यादा की कीमत पर रूस से तेल खरीदा है। जापान ने अमेरिका से कहा है कि वह उसे अपवाद माने, क्योंकि रूसी ऊर्जा तक पहुंच उसके लिए जरूरी है। यह रियायत जापान के जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को दिखाती है।

जापान एक ऐसे समय में रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है जब कई यूरोपीय देशों ने रूसी ईंधन पर अपनी निर्भरता कम कर दी है। G7 देशों में जापान ही इकलौता ऐसा देश है जो यूक्रेन को घातक हथियार नहीं दे रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा G7 देशों में अंतिम नेता थे, जिन्होंने रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन का दौरा किया था। किशिदा ने हाल ही में कहा था कि इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन यूक्रेन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करेगा। जापान की ओर से लगातार कहा जाता रहा है कि वह यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन जापान की तेल खरीद, जिसकी मात्रा बेहद छोटी है उसे अमेरिका ने अनुमति दी है।

चीन के फाइटर जेट और मिलिट्री ड्रोन ने पार की ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा

ताइवान और अमेरिका की नजदीकी से चीन परेशान हो गया है। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन जैसे ही न्यूयॉर्क

- **दस चीनी विमानों ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया। माना जा रहा है कि अमेरिका और ताइवान की बढ़ती दोस्ती के बदले चीन भड़ास निकाल रहा है।**

पहुंची, उधर तिलमिलाए चीन के लड़ाकू विमानों ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार कर दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। मंत्रालय ने कहा कि द्वीप के पास बीजिंग अपनी सैन्य गतिविधि जारी रखे हुए है। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में ताइवान एयर स्पेस पर

चीनी विमानों ने उड़ान भरी।

चीन का यह कदम अमेरिका और ताइवान को दिया गया कड़ा संदेश है। हाल ही में चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी थी कि वो आग से न खेले।

चीन की धमकी के बाद भी ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन न्यूयॉर्क पहुंच गईं। ताइवान को अपना अभिन्न अंग बताने वाले चीन को यह बात नागवार गुजरी है। चीन ने ताइवान की राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे की निंदा की है। कहा कि अगर ऐसा होता रहा तो इससे गंभीर टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। बीबीसी के मुताबिक, अमेरिका में चीन के प्रभारी डीएफेयर जू ज्युयुआन ने कहा कि चाहे ताइवान की नेता संयुक्त राज्य अमेरिका में आएं या अमेरिकी नेता ताइवान के दौरे पर जाएं, यह चीन-अमेरिका संबंधों में गंभीर टकराव का कारण बन सकता है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, बीजिंग द्वीप के पास अपनी सैन्य गतिविधियों को जारी रखे हुए है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में रूस के खिलाफ प्रस्ताव

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में एक बार फिर रूस के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर भारत ने वोट करने से खुद को अलग कर लिया।

वोटिंग के बाद यूएन में यूक्रेन के स्थायी प्रतिनिधि सरजेई किसलित्स्या ने ट्वीट कर कहा, हम यूएनएचआरसी के प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद देते हैं, जिसने यूक्रेन में रूस द्वारा किए जा रहे मानवाधिकार हनन का संज्ञान लिया। यूक्रेन संकट को लेकर एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय आयोग द्वारा जांच करवानी जरूरी है। केवल दो देश ही इस प्रस्ताव के खिलाफ थे।

- **युद्ध अपराध के खिलाफ जांच को बढ़ाने के लिए लाया गया था प्रस्ताव।**
- **इस ड्राफ्ट रेजोल्यूशन को 28 देशों ने समर्थन दिया वहीं 17 देश वोटिंग से दूर रहे। केवल दो देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट डाला जिसमें चीन भी शामिल है।**

ज्ञात रहे कि पहले भी जब रूस के खिलाफ इस तरह का प्रस्ताव लाया गया है तो भारत ने खुद को अलग ही रखा है। पिछली बार फरवरी में यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा था कि भारत यही चाहता है कि बातचीत के जरिए समाधान निकले।

बता दें कि भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा था कि भारत का रुख इस मामले में पीपल सेंट्रिक ही रहेगा। पहले भी भारत कह चुका है कि यूक्रेन को संकट के समय में मानवीय सहायता दी जाएगी।

सीरिया में इजरायल का हमला

इजरायल ने सीरिया के होम्स प्रांत में कई जगहों पर हवाई हमले किए, जिनमें पांच सैनिक घायल हो गए। सीरिया की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। ईरान में सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि इजरायली हमले में जख्मी हुए ईरान के एक सलाहकार की मौत हो गई है। 'सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने बताया कि इस साल की शुरुआत से इजरायल ने नौवीं बार विभिन्न ठिकानों को निशाना बनाया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने सैन्य सूत्रों के हवाले से कहा कि होम्स शहर और आसपास के इलाकों में कई जगहों को निशाना बनाया गया है। एजेंसी ने दावा किया कि सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली ने कुछ इजरायली मिसाइल को हवा में ही मार गिराया।

'सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने बताया कि मिसाइल ने सीरियाई सैन्य ठिकानों और ईरान से संबंधित मिलिशिया के प्रतिष्ठानों पर हमले किए, जिसमें एक शोध केन्द्र भी शामिल है। इजरायल की ओर से हमलों को लेकर फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।